संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, सोमवार 15 जून 2026 ₹ 1 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee



केरल में राजनीतिक रूप से संवेदनशील सबरीमाला महिलाओं के प्रवेश का मुद्दा रविवार को फिर से चर्चा में आया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 17 अंकः 166 पृष्ठः 08

RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com | उत्तराखण्ड संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़





## टीएमसी के बागी सांसद नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी में शामिल होंगेः बंगाल भाजपा प्रभारी और लोकसभा स्पीकर से मिले

**टीम एक्शन इंडिया**

**लोकसभा** अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात के बाद रविवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की बागी सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने कहा कि हमने संसद में अलग बैठने की मांग की है। हम नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी में शामिल हो रहे हैं। हम एनडीए के साथ काम करेंगे। काकोली का दावा है कि उनके पास 22 लोकसभा सांसदों का समर्थन है। इससे पहले बागी गुट की केंद्रीय मंत्री और बंगाल में भाजपा के प्रभारी भूपेंद्र यादव के घर पर बैठक भी हुई। उधर, टीएमसी के सांसद कीर्ति आजाद और सागरिका घोष भी बिरला के आवास पर पहुंचे थे। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि पार्टी सिर्फ 20 सांसदों या 60 विधायकों से नहीं बनी। ममता बनर्जी ने ही इस पार्टी को खड़ा किया है, इसलिए वही असली पार्टी हैं। टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लेटर लिखकर कहा कि सदन में टीएमसी को केवल एक पार्टी के रूप में देखा जाए। किसी दूसरे गुट को मान्यता न दी जाए।



टीएमसी के कुल 28 लोकसभा सांसद हैं। इसके अलावा 13 राज्यसभा सांसदों में से 4 ने इस्तीफा दे दिया और पार्टी भी छोड़ दी है। कीर्ति आजाद ने कहा कि महाराष्ट्र में जो हुआ वह गलत था, इसलिए बागी नेताओं के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष को औपचारिक आवेदन सौंप दिया गया है जिसकी हार्ड कॉपी स्पीकर कार्यालय ने प्राप्त कर ली है। बागी गुट की सांसद काकोली घोष का दावा है कि उनके पास अब 22 सांसदों का समर्थन है। पहले काकोली ने 20 सांसदों के समर्थन का दावा किया था। इसके बाद 19 सांसदों के साइन वाला एक लेटर भी सामने आया था। दिल्ली पहुंचते ही सायोनी ने कहा- मैं अभी कुछ नहीं कहूंगी। सही समय आने पर ही बोलूंगी। ममता ने सायोनी और माला को पार्टी के पदों से हटा दिया है। सायोनी पार्टी की यूथ विंग की अध्यक्ष थीं। सायोनी घोष और माला रॉय रविवार को कोलकाता से दिल्ली पहुंचीं। बागी सांसद जगदीश बसुनिया ने बताया कि हमारा गुट सोमवार को लोकसभा स्पीकर से मिलेगा।

### फास्ट न्यूज

### विश्व मंच पर मजबूत हुई भारत की सांस्कृतिक पहचान : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** भारत की सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक ज्ञान और सभ्यतागत मूल्यों को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने की दिशा में पिछले वर्षों में हुए प्रयासों को रेखांकित करते हुए विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि भारत न केवल अपनी सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए कार्य कर रहा है, बल्कि अपनी समृद्ध ज्ञान-परंपरा को भी दुनिया के साथ साझा कर रहा है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा एक संदेश में उन्होंने बताया कि भारत की कई सांस्कृतिक परंपराओं को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में स्थान मिला है, जिससे भारतीय सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक स्तर पर नई मान्यता प्राप्त हुई है।

उन्होंने कहा कि भारत के कई नए स्थलों को विश्व धरोहर का दर्जा मिला है, जबकि विदेशों में पहुंच चुकी बहुमूल्य और प्राचीन भारतीय कलाकृतियों की स्वदेश वापसी भी सुनिश्चित की गई है। यह प्रयास देश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। रणधीर जायसवाल ने यह भी उल्लेख किया कि पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र की स्थापना भारत में की गई है। इससे भारतीय चिकित्सा ज्ञान और परंपराओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है।

### अमेरिका-ईरान नहीं सुलझा पाए गांठ

**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका और तेहरान के बीच शांति समझौता बेहद नाजुक मोड पर अटक गया है। तमाम दावों के बावजूद ईरान आज (रविवार) इस पर हस्ताक्षर करने को तैयार नहीं। अलबत्ता सिर्फ पाकिस्तान जैसे मध्यस्थ को जरूर लग रहा है कि 24 के भीतर दोनों देश किसी अच्छे नतीजे पर पहुंच जाएंगे और होर्मुज जलडमरूमध्य फिर पुरानी स्थिति में लौट आएगा।

ऐतिहासिक विला केरीलोस घूमने गए, सेल्फी ली; पीएम बोले- भारत सॉल्यूशन लेने वाला नहीं, देने वाला देश

# फ्रांस के नीस में पीएम मोदी-मैक्रों ने द्विपक्षीय बैठक की

**चर्चा**

फ्रांस के निवेशकों को भारत की विकास यात्रा से जुड़ने का न्योता : प्रधानमंत्री मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नीस।** भारत और फ्रांस के बीच मनाए जा रहे 'नवाचार वर्ष' (इयर ऑफ इनोवेशन) के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रविवार को 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस आयोजन से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक स्तर के प्रमुख निवेशकों और वेंचर कैपिटल (जोखिम पूंजी) प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की और भारत में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट कर इस कार्यक्रम और मुलाकातों की जानकारी साझा की। उन्होंने राष्ट्रपति मैक्रों का आभार जताते हुए लिखा कि 'मेरे मित्र राष्ट्रपति मैक्रों, नीस में आपसे दोबारा मिलकर बेहद खुशी हुई। 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ क्योंकि हमारे दोनों देश मिलकर 'नवाचार वर्ष' मना रहे हैं।' एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री ने निवेशकों के साथ हुई बैठक को बेहद समृद्ध और दूरदर्शी बताया। उन्होंने लिखा कि 'भारत इनोवेट्स 2026' में हुई चचाएं काफी ज्ञानवर्धक रहीं। इस दौरान निवेशकों और वेंचर कैपिटल लीडर्स के साथ नवाचार, प्रौद्योगिकी (टेक्नोलॉजी), विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) और उभरते क्षेत्रों में भारत द्वारा पेश किए जा रहे असीमित अवसरों पर बातचीत हुई। प्रधानमंत्री ने भारत को निवेश का सबसे आकर्षक केंद्र बताते हुए लिखा कि 'भारत की विकास यात्रा देश की प्रतिभा, बड़े पैमाने (स्केल), स्थिरता और निरंतर हो रहे सुधारों (रिफॉर्म्स) से संचालित है। यही खूबियां भारत को वैश्विक निवेश और नवाचार के लिए एक पसंदीदा और आकर्षक गंतव्य बनाती हैं।' इसी संदेश को प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर फ्रेंच भाषा में भी साझा किया। इस तीन दिवसीय आयोजन में भारत के 120 अग्रणी स्टार्टअप और 20 से अधिक उत्कृष्ट संस्थान भाग ले रहे हैं, जो वैश्विक महत्व के 13 महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी स्तंभों पर भारत की डीप-टेक क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम में दुनिया भर के 350 से अधिक शीर्ष निवेशकों और वेंचर कैपिटलिस्टों ने हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, बायोटेक्नोलॉजी, रक्षा, अंतरिक्ष और क्लीन एनर्जी जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों के स्टार्टअप्स और नवोन्मेषकों (इनोवेटर्स) के साथ सीधा संवाद भी किया।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा व स्थिरता को बढ़ावा देने वाली भारत-फ्रांस की संयुक्त पहलों का जिक्र किया।





**इनोवेशन प्रोग्राम में पीएम बोले- दोनों देशों का विजन एक**

**भारत-फ्रांस का रिश्ता खासः** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस का रिश्ता सिर्फ व्यापार या रणनीतिक साझेदारी तक सीमित नहीं है। यह भरोसे, साझा सोच और साझा लक्ष्यों पर आधारित है। दोनों देश मिलकर दुनिया की कई बड़ी चुनौतियों का समाधान खोजने की दिशा में काम कर रहे हैं।

**'भारत इनोवेट्स' युवाओं के लिए बड़ा मंचः** मोदी ने कहा कि 'भारत इनोवेट्स' भारतीय प्रतिभा और यूरोपीय निवेश को जोड़ने वाला मंच है। इससे भारतीय स्टार्टअप्स, युवा उद्यमियों और नए आइडिया को दुनिया के बड़े निवेशकों और विशेषज्ञों तक पहुंचने का मौका मिलेगा।

**भारत स्टार्टअप्स का बड़ा केंद्रः** प्रधानमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में 100 से ज्यादा स्टार्टअप्स शामिल हैं, लेकिन भारत में 2 लाख से ज्यादा स्टार्टअप्स काम कर रहे हैं। ये स्टार्टअप्स भारत के साथ-साथ दुनिया की अर्थव्यवस्था और तकनीकी विकास में भी योगदान दे रहे हैं।

**नई तकनीकें बदलेंगी भविष्यः** मोदी ने कहा कि दुनिया कई चुनौतियों से गुजर रही है, लेकिन हर चुनौती नए मौके भी लेकर आती है। वांटम कंप्यूटिंग, बायोटेक्नोलॉजी और अंतरिक्ष तकनीक जैसी नई तकनीकें आने वाले समय में दुनिया का भविष्य तय करेंगी।





भारत और फ्रांस के बीच मनाए जा रहे 'नवाचार वर्ष' (इयर ऑफ इनोवेशन) के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रविवार को 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। निवेशकों के साथ ग्रुप फोटो में पीएम मोदी।

### हरियाणाः भर्ती परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को मुफ्त यात्रा की सुविधा

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की भर्ती परीक्षाओं में शामिल होने वाले कैंडिडेट्स को बड़ी राहत दी है। आयोग द्वारा आयोजित सभी लिखित परीक्षाओं, स्किल टेस्ट, फिजिकल मेजरमेंट टेस्ट और फिजिकल स्क्रीनिंग टेस्ट में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को अब हरियाणा रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। यह छूट उन्हें सिर्फ परीक्षा वाले दिन ही मिलेगी।इस संबंध में मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से शनिवार रात आदेश जारी किए गए हैं। आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर इस बारे में जानकारी दी। पुलिस में कॉन्स्टेबल के 5500 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। अभी इसकी लिखित परीक्षा होने बाकी है। मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से जारी आदेश में बताया गया है कि भर्ती परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को मुफ्त यात्रा सुविधा देने के फैसले को मंजूरी मिल चुकी है।

### हरियाणा में आज से शुरू होगा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए.श्रीनिवास ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम की शुरूआत 15 जून से की जा रही है। इस अभियान के तहत 15 जून से 14 जुलाई तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे तथा एन्यूमरेशन फॉर्म भरवाएंगे।रविवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में श्री निवास ने बताया कि राज्य में वर्तमान में 2 करोड़ 6 लाख 55 हजार 929 मतदाता पंजीकृत हैं तथा 20,629 मतदान केंद्र स्थापित हैं। राज्य के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ नियुक्त किया गए है, जो प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर मतदाताओं का विवरण सत्यापित करेंगे। मतदाताओं को दिए जाने वाले एन्यूमरेशन फॉर्म को भरकर



हस्ताक्षर सहित बीएलओ को वापस देना आवश्यक होगा। आयोग के निदेर्शानुसार जिन मतदाताओं के भरे हुए फॉर्म प्राप्त नहीं होंगे, उनके नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नहीं किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बीएलओ प्रत्येक घर पर कम से कम तीन बार संपर्क करने का प्रयास करेंगे। यदि किसी कारणवश परिवार के सदस्य उपलब्ध नहीं होते हैं तो बीएलओ एन्यूमरेशन फॉर्म घर के दरवाजे के नीचे डालेंगे तथा एक नोटिस छोडगे जिसमें उनका नाम और मोबाइल नंबर अंकित होगा।

### आयुष्मान भारत और जन औषधि योजना से करोड़ों लोगों को मिला लाभ : पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए बदलावों और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले एक दशक से अधिक समय में भारत ने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को आम लोगों तक पहुंचाने और उपचार को अधिक किफायती बनाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए संदेश में कहा कि आयुष्मान भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य सुरक्षा कार्यक्रम बन चुका है।

## हरियाणा में जल्द शुरू होगा 'पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राजस्व क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन को तेज करते हुए राज्यभर में राजस्व अधिकारियों के लिए व्यापक क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू किया है तथा लंबित सीमांकन मामलों के निपटान के लिए विशेष अभियान चलाया है। साथ ही पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 के क्रियान्वयन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। सुचारू परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 1.0 से 2.0 में माइग्रेशन जिला-वार किया जाएगा, ताकि सेवाएं निर्बाध रूप से जारी रहें और नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हो।राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तायुक्त डॉ.सुमिता मिश्रा ने रविवार को चंडीगढ़ में बताया कि पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 को एक उन्नत डिजिटल ढांचे के रूप में विकसित किया गया है। यह प्लेटफॉर्म ऑनलाइन आवेदन जमा करने, दस्तावेज अपलोड करने, आधार आधारित प्रमाणीकरण, ई-हस्ताक्षर, ऑनलाइन शुल्क भुगतान, रियल टाइम सत्यापन, सुरक्षित डेटा भंडारण तथा स्वचालित कार्यप्रवाह प्रबंधन जैसी सुविधाएं प्रदान करेगा।



**डिजिटल**

राज्यभर में राजस्व अधिकारियों के लिए व्यापक क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू किया है

### भारतीय नाविकों की मौत पर अमेरिका से माफी की मांग करे केंद्रः कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** ओमान के तट के निकट हुई घटना में भारतीय नाविकों की मौत को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार के रुख पर सवाल उठाते हुए अमेरिका से माफी और जवाबदेही तय करने की मांग की है। पार्टी का कहना है कि भारतीय नागरिकों की जान जाने जैसे गंभीर मामले में सरकार को अधिक दृढ़ और स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए था। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के बीच हुई बातचीत के बाद सार्वजनिक किए गए आधिकारिक संदेशों से यह प्रतीत होता है कि भारत की ओर से अपेक्षित कठोरता नहीं दिखाई गई।

*प्रशासन ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई थानों की पुलिस के साथ पीएसी को भी तैनात किया गया है*

## समुदाय विशेष के हमले में एक युवक की मौत के बाद क्षेत्र में तनाव

**तनाव**

घटना को लेकर मुख्यमंत्री ने शांति और सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादूनः** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के विकासनगर क्षेत्र अंतर्गत सहसपुर थाना क्षेत्र के बैरागीवाला गांव में एक युवक की हत्या के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है। प्रशासन ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई थानों की पुलिस के साथ पीएसी को भी तैनात किया गया है। घटना को लेकर मुख्यमंत्री ने शांति और सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। दरअसल, शनिवार देर शाम को खेत में सिंचाई के दौरान विशेष संप्रदाय के लोगों ने अशोक, राजेश और विनोद पुत्र भगवत पर हमला कर दिया था, इनमें से विनोद की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों और प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने हमला किया। घटना के बाद ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि शांति और सौहार्द बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। देवभूमि की शांति भंग करने की कोशिश करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तराखंड की शांति और सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कानून को चुनौती देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना के विरोध में रविवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण और विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर जुटे। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में भारी पुलिस बल और पीएसी तैनात की गई है। क्षेत्र में तनाव को देखते हुए प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घटना में शामिल लोगों की पहचान और विवाद के कारणों का पता लगाया जा रहा है। प्रशासन ने मुख्य आरोपित के घर पर बुलडोजर कार्रवाई भी की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और क्षेत्र में शांति बनाए रखने की अपील की गई है। स्थानीय विधायक मुन्ना सिंह चौहान भी मौके पर पहुंचे और पुलिस अधिकारियों से दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की।





## इंजन खराब होने से ओमान के तट के पास समुद्र में फंसा भारतीय पोत, चालक दल सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया**

**मस्कट।** ओमान के तट के पास इंजन में तकनीकी खराबी के कारण भारतीय मर्चेंट पोत 'विराट 1' समुद्र में फंस गया। राहत और बचाव कार्य के तहत पोत पर सवार सभी 14 भारतीय चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। ओमान स्थित भारतीय दूतावास ने रविवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सभी नाविक सुरक्षित हैं और उनकी स्वास्थ्य स्थिति सामान्य है।

दूतावास के अनुसार पोत में तकनीकी खराबी आने के बाद चालक दल के सदस्यों को लाइफराफ्ट में स्थानांतरित किया गया था। इसके बाद ओमानी अधिकारियों के समन्वय में आसपास मौजूद जहाजों की सहायता से बचाव अभियान चलाया गया। अभियान सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद सभी 14 भारतीयों को सुरक्षित निकाल लिया गया। दूतावास ने बताया कि बचाए गए चालक दल के सदस्य फिलहाल जबल अली-9 जहाज पर सवार हैं और मुंबई की ओर रवाना हो चुके हैं। सभी नाविक सुरक्षित हैं तथा किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। यह घटना ऐसे समय हुई, जब हाल के दिनों में ओमान की खाड़ी और होर्मुज के आसपास व्यापारिक जहाजों से जुड़ी कई गंभीर घटनाएं सामने आई हैं। पिछले सप्ताह एक अन्य वाणिज्यिक पोत पर हुए हमले में भारतीय नाविकों की जान गई थी, जबकि कई अन्य जहाजों को भी सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ा।



# मुख्यमंत्री धामी ने भगवान भोलेनाथ व हनुमानजी की प्रतिमाओं का किया अनावरण

**खटीमा/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बंडिया क्षेत्र में भगवान भोलेनाथ एवं महाबली हनुमानजी की प्रतिमाओं का विधिवत अनावरण किया।
इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है और यहां की संस्कृति, परंपरा व धार्मिक आस्था पहचान का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों का संरक्षण एवं विकास केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का भी माध्यम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित और विकसित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान भोलेनाथ और महाबली हनुमान जी की प्रतिमाएं समाज में सकारात्मक ऊर्जा, श्रद्धा और जनकल्याण की भावना को और मजबूत करेंगी। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और संस्कारों को बढ़ावा देने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया और क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को मिल रहे प्रोत्साहन पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर दर्जा प्राप्त मंत्री अनिल कपूर डब्बू, रणजीत सिंह नामधारी, किशन सिंह किन्ना, नगरपालिका अध्यक्ष रमेश चंद जोशी, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, अध्यक्ष नगर पंचायत नानकमत्ता प्रेम सिंह टुरना, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र राणा, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तम सिंह नेगी आदि उपस्थित थे।




**अनावरण**
उत्तराखंड देवभूमि है और यहां की संस्कृति, परंपरा व धार्मिक आस्था पहचान का अभिन्न हिस्सा हैं: मुख्यमंत्री

# एक दिवसीय अवकाश घोषित

**अवकाश**
(कक्षा 01 से 12 तक) तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में 15 जून को एक दिवसीय अवकाश घोषित किया जाता है

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल ने रविवार को आदेश जारी करते हुए अवगत कराया कि विद्यार्थियों एवं आमजन की सुविधा तथा यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से जनपद अंतर्गत दिनांक 15 जून को कैंची धाम मेले के अवसर पर श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ एवं कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत जनपद नैनीताल के विकासखंड भीमताल एवं



बेतालघाट अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय,सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों (कक्षा 01 से 12 तक) तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में 15 जून (सोमवार)को एक दिवसीय अवकाश घोषित किया जाता है। जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी नैनीताल,जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक / बेसिक) एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी,बाल विकास नैनीताल को निर्देश दिए हैं कि वह,यह सुनिश्चित करेगें कि उक्त आदेश की सूचना विकासखंड भीमताल एवं बेतालघाट में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, सहायता प्राप्त विद्यालयों (कक्षा 01 से 12 तक) में अध्ध्यनरत छात्र-छात्राओं तथा आंगनबाड़ी केंद्रो में पंजीकृत बच्चों के अभिवावक तक ससमय पहुँचा दी जाय।जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त क्षेत्र के स्थित समस्त अन्य शासकीय कार्यालय पूर्ववत संचालित रहेंगे तथा अधिकारी एवं कर्मचारी अपने निर्धारित समयानुसार कार्यालयों में उपस्थित रहेंगे।उन्होंने संबंधितों को उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि लापरवाही की दशा में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

# कड़े सुरक्षा घेरे में संपन्न हो रही UKSSSC स्नातक स्तरीय परीक्षा

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (वङररर3) द्वारा आयोजित स्नातक स्तरीय परीक्षा रविवार को जनपद नैनीताल में कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जा रही है।परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टी.सी. ने स्वयं हल्द्वानी स्थित एमबीपीजी कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्कता के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है।अभ्यर्थियों की प्रवेश से पूर्व डीएफएमडी और एचएचएमडी उपकरणों से सघन जांच की जा रही है।मोबाइल फोन,ब्लूटूथ तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।एलआईयू और एसओजी की टीमें लगातार सक्रिय रहकर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं।
परीक्षा केंद्रों के भीतर और आसपास सीसीटीवी कैमरों तथा वीडियो निगरानी की विशेष व्यवस्था की गई है। वहीं जोनल और सेक्टर अधिकारी लगातार भ्रमण कर केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं।एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टी.सी. ने कहा कि परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पुलिस हर स्तर पर सतर्क है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




# दोषियों को मिलेगी कठोर सजा, पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है पार्टीः महेंद

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड भाजपा अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने विकासनगर में भाजपा कार्यकर्ता की हत्या की घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें कठोरतम सजा दिलाई जाएगी।
भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने रविवार को एक बयान में कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पर किया गया सुनियोजित और कायराना हमला बेहद दुखद और निंदनीय है। उन्होंने दिवंगत कार्यकर्ता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और कानून से ऊपर कोई नहीं है। सरकार ने घटना के बाद त्वरित और सख्त कार्रवाई की है, जो उसकी ह्यजीरो टॉलरेंसह्ण नीति का स्पष्ट संकेत है। भट्ट ने कहा कि घटना को लेकर भाजपाकार्यकताओं में स्वाभाविक आक्रोश है, लेकिन सभी कार्यकताओं से धैर्य बनाए रखने और न्यायिक प्रक्रिया पर भरोसा रखने की अपील की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्टिकर सिस्टम और शटल सेवा से कैंची धाम में सुचारू रहा यातायात, 20 हजार श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**नैनीताल।** कैंची धाम मेला दिवस-2026 के अवसर पर रविवार को कैंची धाम क्षेत्र में यातायात व्यवस्था पूरी तरह सुचारू रही।पुलिस प्रशासन द्वारा लागू किए गए स्टिकर सिस्टम और शटल सेवा के कारण कहीं भी जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई और श्रद्धालुओं का आवागमन व्यवस्थित ढंग से संचालित होता रहा।नैनीताल पुलिस के अनुसार 14 जून 2026 को अब तक करीब 20 हजार श्रद्धालु कैंची धाम पहुंचकर दर्शन कर चुके हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए संचालित शटल सेवा लगातार चलती रही, जिससे पार्किंग स्थलों से मंदिर तक पहुंचने में लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।यातायात व्यवस्था को नियंत्रित रखने के लिए स्टिकर सिस्टम प्रभावी रूप से लागू किया गया है। निर्धारित स्टिकर लगे वाहनों को ही आवागमन की अनुमति दी जा रही है,जबकि अन्य वाहनों को तय यातायात योजना के अनुसार संचालित किया जा रहा है।इससे वाहनों की आवाजाही सुव्यवस्थित बनी हुई है।पुलिस प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं और वाहन चालकों से निर्धारित ट्रैफिक डायवर्जन प्लान का पालन करने की अपील की है। नैनीताल पुलिस लगातार यातायात व्यवस्था पर नजर बनाए हुए है तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

### कैंची धाम में स्थानीय लोगों को नहीं रोका जा रहा, अफवाहों पर ध्यान न दें: एसएसपी मंजूनाथ टीसी

**नैनीताल।** कैंची धाम स्थापना दिवस एवं मेले के दौरान सोशल मीडिया पर स्थानीय लोगों के आवागमन को लेकर फैल रही भ्रामक सूचनाओं पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टीसी ने स्थिति स्पष्ट की है।उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा यह गलत प्रचार किया जा रहा है कि कैंची धाम क्षेत्र में स्थानीय निवासियों को रोका जा रहा है, जबकि वास्तविकता इससे अलग है।एसएसपी ने बताया कि कैंची धाम,गरमपानी, हरतपा और आसपास के क्षेत्रों के सभी स्थानीय निवासी वैध पहचान पत्र दिखाकर निर्धारित व्यवस्था के तहत निर्बाध रूप से आवागमन कर सकते हैं।स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की अनावश्यक रोक-टोक नहीं की जा रही है।उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी अफवाह या भ्रामक सूचना पर विश्वास न करें और ऐसी सामग्री को सोशल मीडिया पर साझा करने से बचें।उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस और मेले के दौरान प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं एवं वाहनों के पहुंचने से यातायात का दबाव बढ़ा है,जिसके कारण कुछ स्थानों पर यातायात धीमा होना स्वाभाविक है।बावजूद इसके पुलिस द्वारा सुचारु यातायात और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।एसएसपी ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन श्रद्धालुओं की कैंची धाम क्षेत्र के होटलों में कन्फर्म बुकिंग है,उनके वाहनों को सत्यापन के बाद आगे जाने की अनुमति दी जा रही है।सभी अधिकारियों को स्थानीय नागरिकों और वैध बुकिंग वाले श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधा देने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### कैंची धाम ड्यूटी में शराब और अभद्रता पर एसएसपी का बड़ा एक्शन, दो पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**नैनीताल।कैंची** धाम स्थापना दिवस के अवसर पर ड्यूटी में तैनात दो पुलिसकर्मियों के खिलाफ गंभीर अनुशासनहीनता और अभद्र व्यवहार के आरोप सामने आने पर पुलिस प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है।आरोप है कि दोनों पुलिसकर्मी रात्रि ड्यूटी के दौरान एक होमस्टे में रुके थे, जहां उन्होंने अत्यधिक शराब का सेवन किया और नशे की हालत में होमस्टे संचालक के परिवार की एक युवती के साथ छेड़छाड़ की।साथ ही स्थानीय लोगों और युवती के परिजनों के साथ अभद्रता एवं मारपीट करने की भी शिकायत मिली।घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों ने तत्काल संज्ञान लेते हुए सीओ,एसपी समेत अन्य अधिकारियों को मौके पर भेजा।जांच के दौरान प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए गए। स्थानीय लोगों की मौजूदगी में दोनों पुलिसकर्मियों का अल्कोहल टेस्ट कराया गया, जिसमें शराब सेवन की पुष्टि हुई।मेडिकल परीक्षण में भी इसकी पुष्टि होने के बाद दोनों को हिरासत में ले लिया गया।पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर कोतवाली भवाली में नामजद एफआईआर दर्ज कर ली गई है।आरोपी पुलिसकर्मी वर्तमान में पुलिस हिरासत में हैं। उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है तथा निलंबन के साथ सेवा से बर्खास्तगी तक की प्रक्रिया पर विचार किया जा रहा है।

### मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा कार्यकताओं ने किया यज्ञ

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
कालाढुंगी विधानसभा के मुखानी मंडल की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को रामपुर रोड स्थित शिव मंदिर, चांदनी चौक में हवन-पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री की दीघार्यु और देश की समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत-2047 का विजन देश को विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण संकल्प है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक सुधारों और विकास कार्यों के माध्यम से देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य कर रही है।

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता: मुख्यमंत्री धामी

**खटीमा/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है और सरकार इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।
मुख्यमंत्री धामी रविवार को खटीमा प्रवास के दूसरे दिन शहीद हरी किशन शिक्षण संस्थान, बगुलिया में आयोजित ह्यजन-जन की सरकार, मुख्य सेवक आपके द्वारह्ण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा ग्रामोत्थान परियोजना के अंतर्गत संचालित दीदी कैफे का उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का स्वागत थारू सांस्कृतिक नृत्य, पुष्पमालाओं और अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, मुफ्त राशन और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।
उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने पारदर्शिता और तकनीक के माध्यम से भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया है।
उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, पर्यटन और हवाई कनेक्टिविटी के क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहे हैं।
समान नागरिक संहिता (यूसीसी) और नकल विरोधी कानून को राज्य सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियां बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के हितों की रक्षा के लिए भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है।
उन्होंने भ्रष्टाचार के प्रति सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को भी दोहराया।
मुख्यमंत्री ने खटीमा को अपना परिवार बताते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने राज्य को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए सभी से सहयोग का आह्वान किया।
कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की योजनाओं के तहत लाभार्थियों को सहायता भी वितरित की गई। मत्स्य, कृषि, समाज कल्याण, स्वास्थ्य तथा सहकारिता विभाग की ओर से पात्र लाभार्थियों को अनुदान, उपकरण और ऋण सहायता प्रदान की गई।
इससे पहले जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि धामी सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

# पुलिस अधीक्षक की जनता से अपील

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
15 जून को आयोजित होने वाले श्री कैंची धाम मेला के दृष्टिगत विशेष यातायात व्यवस्था एवं ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है।सभी श्रद्धालुओं एवं यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा पर निकलने से पूर्व निर्धारित ट्रैफिक प्लान एवं डायवर्जन व्यवस्था का अवश्य अवलोकन कर लें। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु शटल सेवा की भी व्यवस्था की गई है।अधिक भीड़ एवं यातायात दबाव को देखते हुए पुलिस द्वारा की गई व्यवस्थाओं का पालन करें तथा यात्रा के दौरान धैर्य एवं सहयोग बनाए रखें।आपका सहयोग,सुरक्षित एवं सुगम यात्रा का आधार है।

# UKSSSC स्नातक स्तरीय परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस रही मुस्तैद

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (वङररर3) द्वारा आयोजित स्नातक स्तरीय परीक्षा-2026 को सकुशल, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जनपद नैनीताल पुलिस ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तड़के से ही तैनात रहा और परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए कड़ी निगरानी रखी गई।परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश से पहले उनकी सघन जांच की गई।इस दौरान ब्लूटूथ डिवाइस,माइक्रो ईयरफोन, इलेक्ट्रॉनिक चिप, स्मार्ट वॉच, मोबाइल फोन, कैमरा युक्त उपकरण तथा अन्य संदिग्ध इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की विशेष रूप से चेकिंग की गई, ताकि किसी भी प्रकार की नकल या अनुचित साधनों के प्रयोग को रोका जा सके।पुलिस अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों और आसपास के क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परीक्षा के दौरान किसी भी अवांछित गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई के लिए पुलिस टीमों को सतर्क रखा गया।जनपद पुलिस ने परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित संचालन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए, जिससे अभ्यर्थियों को सुरक्षित, निष्पक्ष और अनुशासित वातावरण में परीक्षा देने का अवसर प्राप्त हो सके।पुलिस की सक्रियता से परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्था सुचारू बनी रही।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत नैनीताल पुलिस की दोहरी कार्रवाई

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
डॉ.मंजूनाथ टीसी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल के निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत मनोज कुमार कत्याल,पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी एवं अमित कुमार सैनी,क्षेत्राधिकारी लालकुआं के पर्यवेक्षण में अलग-अलग मामलों में निम्न थानों द्वारा कार्रवाई की गई। रविवार को दिनेश चन्द्र फर्त्याल,प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बनभूलपुरा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम उ0नि0 मोनी टम्टा, कानि0 दिलशाद अहमद, कानि0 सुनील कुमार एवं कानि0 मो0 यासीन द्वारा देखरेख शान्ति व्यवस्था/गश्त एवं संदिग्ध वाहन/व्यक्ति चेकिंग के दौरान एक



व्यक्ति मो0 दानिश अंसारी पुत्र मो0 तौफीक अंसारी निवासी पानी की टंकी के पास,मालिक का बगीचा, इन्द्रानगर थाना बनभूलपुरा जनपद नैनीताल उम्र 34 वर्ष को 8.33 ग्राम स्मैक के साथ चोरगलिया रोड रेलवे फाटक के पास से गिरफ्तार किया गया।कोतवाली बनभूलपुरा में ऋक्षफ ठङ्ग. 90/2026 धारा 8/21/60 ठउद्धर अूइ पंजीकृत किया गया।अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-
1- ऋक्षफ ठङ्ग. 37/2026 धारा 8/21/60 ठउद्धर अूइ
2- ऋक्षफ ठङ्ग. 371/2023 धारा 8/21/60 ठउद्धर अूइ,प्रभारी निरीक्षक बृजमोहन सिंह राणा कोतवाली के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम उ0नि0 गौरव जोशी (चौकी प्रभारी बिंदुखत्ता) कानि0 वीरेन्द्र सिंह एवं कानि0 दयाल नाथ द्वारा चेकिंग संदिग्ध वाहन/व्यक्ति,गश्त एवं रोकथाम जुर्म-जरायम के दौरान अभियुक्त अमित कश्यप पुत्र सुनील कश्यप निवासी 02 किलोमीटर फील्ड के पास, बिंदुखत्ता लालकुआं को सुभाष नगर बैरियर के सामने रेलवे क्रॉसिंग के पास खाली ग्राउंड से एक प्लास्टिक कट्टे में 34 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त अमित कश्यप द्वारा बताया गया कि सचिन कठैत निवासी डेयरी के पास,बाजपुर चौराहा,बिंदुखत्ता द्वारा उससे शराब बिकवाई जाती है, जिसके एवज में उसे प्रतिदिन ?1000/- दिए जाते हैं। सचिन कठैत के विरुद्ध भी धारा 60/69(बी) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जा रही है।अभियुक्तगणों के विरुद्ध कोतवाली लालकुआं में ऋक्षफ ठङ्ग. 80/2026 धारा 60/69(बी) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# कांग्रेस का हल्लाबोल, गैस सिलेंडर कंधों पर उठाकर किया प्रदर्शन, सरकार का फूका पुतला

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर कांग्रेस ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।
रविवार को रानीपुर विधानसभा क्षेत्र के शिवालिक नगर चौक पर कांग्रेस कार्यकताओं ने जोरदार प्रदर्शन कर महंगाई के खिलाफ आवाज बुलंद की। इस दौरान कार्यकताओं ने कंधों पर गैस सिलेंडर उठाकर विरोध जताया, सरकार विरोधी नारे लगाए और बाद में सरकार का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया।
प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पेट्रोलियम पदार्थों की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम जनता का जीवन मुश्किल बना दिया है। पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने का सीधा असर परिवहन, कृषि, व्यापार और रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं पर पड़ रहा है। इसके कारण बाजार में महंगाई लगातार बढ़ रही है और आम लोग आर्थिक दबाव झेलने को मजबूर हैं।
कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि घरेलू और व्यवसायिक गैस सिलेंडरों की कीमतों में हुई बढ़ोतरी ने गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के साथ-साथ छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ दी है। रसोई का बजट लगातार बिगड़ रहा है और परिवारों के लिए घरेलू खर्च चलाना चुनौती बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने के बजाय जनता की समस्याओं से मुंह मोड़े हुए है।
प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव मनोज धनगर ने कहा कि भाजपा सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण पेट्रोल, डीजल और गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जबकि आम लोगों की आय में कोई विशेष वृद्धि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि जनता को राहत देने के बड़े-बड़े दावे करने वाली सरकार आज महंगाई के मुद्दे पर पूरी तरह असहाय दिखाई दे रही है।
मनोज धनगर ने कहा कि देश में बेरोजगारी और महंगाई दोनों चरम पर हैं। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है और दूसरी ओर रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में आम आदमी सबसे अधिक आर्थिक संकट का सामना कर रहा है।
वहीं श्रमिक नेता राजबीर चौहान ने कहा कि महंगाई का सबसे अधिक असर मजदूरों, किसानों, रिक्शा चालकों, छोटे व्यापारियों और निम्न आय वर्ग के लोगों पर पड़ रहा है। डीजल महंगा होने से खेती की लागत बढ़ रही है, जबकि पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि का प्रभाव लगभग हर क्षेत्र में दिखाई दे रहा है। उन्होंने सरकार से तत्काल बढ़ी हुई कीमतों को वापस लेकर जनता को राहत देने की मांग की।
राव आफाक अली ने कहा कि कांग्रेस हमेशा जनता के हितों की लड़ाई लड़ती रही है और महंगाई के मुद्दे पर भी पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पेट्रोल, डीजल और गैस के बढ़े हुए दाम वापस नहीं लिए गए तो कांग्रेस चरणबद्ध तरीके से आंदोलन को और तेज करेगी। आने वाले दिनों में जिलेभर में व्यापक जनजागरण अभियान चलाकर लोगों को महंगाई के खिलाफ एकजुट किया जाएगा।



ACTION INDIA
देहरादून, 15 जून 2026
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# राज्य सरकार प्रदेश में रोजगारपरक उद्योगों की स्थापना को कर रही है प्रोत्साहित : डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से 900 एमएसएमई यूनिट्स को 360 करोड़ रुपये से अधिक की वितरित की प्रोत्साहन राशि, मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित 'समृद्ध एमएसएमई-विकसित मध्य प्रदेश' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सिंगल क्लिक के माध्यम से 900 एमएसएमई इकाइयों को 360 करोड़ रुपये से अधिक की प्रोत्साहन राशि वितरित की

**पूर्वानुमान**

प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में किए गए कार्यों के परिणाम स्पष्ट दिखाई दे रहे

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और रोजगार सृजन में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश सरकार रोजगारपरक उद्योगों को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है तथा वर्ष 2047 तक मध्यप्रदेश में एक करोड़ एमएसएमई इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित 'समृद्ध एमएसएमई-विकसित मध्य प्रदेश' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सिंगल क्लिक के माध्यम से 900 एमएसएमई इकाइयों को 360 करोड़ रुपये से अधिक की प्रोत्साहन राशि वितरित की। साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को ऋण, भूमि आवंटन पत्र और स्टार्टअप प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में 24 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां संचालित हैं, जिनसे सवा करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। इनमें 4.41 लाख से अधिक इकाइयों का संचालन महिलाएं कर रही हैं, जो महिला सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आगामी ढाई वर्षों में एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए 4,500 करोड़ रुपये की सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य हर जिले में उद्योग, हर परिवार में रोजगार और हर युवा को अवसर उपलब्ध कराना है। इसी दिशा में औद्योगिक भूमि आवंटन की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। पिछले ढाई वर्षों में 30 नए औद्योगिक क्षेत्र और 14 क्लस्टर स्वीकृत किए गए हैं, जबकि 1,063 भूखंड उद्यमियों को आवंटित किए जा चुके हैं। आने वाले वर्षों में 60 नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने तथा 6,000 से अधिक भूखंड आवंटित करने की योजना है।





## पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा: सीएम

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है और पिछले 12 वर्षों में एमएसएमई क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला है। प्रदेश के उत्पाद अब राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री ने स्टार्टअप इकोसिस्टम का उल्लेख करते हुए बताया कि मध्यप्रदेश में 7,400 से अधिक स्टार्टअप सक्रिय हैं, जिनमें लगभग 50 प्रतिशत का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत पिछले ढाई वर्षों में 23,500 से अधिक युवाओं को 1,630 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि स्टार्टअप रैंकिंग में मध्यप्रदेश को ह्यलीडरह्न श्रेणी का सम्मान प्राप्त हुआ है।

**राज्य शासन की हैंडहोल्डिंग नीतियों से प्रदेश के युवा उद्यमी वैश्विक स्तर पर बना रहे हैं पहचान**

सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पिछले ढाई वर्षों में प्रदेश को औद्योगिक विकास में आगे रखने के लिए अनथक परिश्रम किया है। वे प्रदेश के विभिन्न जिलों में सभी वर्ग के उद्यमियों के साथ संवाद कर रहे हैं। प्रदेश में एमएसएमई सेक्टर में अभूतपूर्व विकास हुआ है। प्रदेश की जीडीपी में कृषि की 40 प्रतिशत और उद्योगों की हिस्सेदारी मात्र 19 प्रतिशत थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसे बदलने का संकल्प लिया है, उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश बदल रहा है। प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार हो रहा है।

## प्रदेश की सभी विधानसभाओं में कम से कम एक एमएसएमाई सेंटर किया जायेगा विकसितः मोहन



प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन तथा सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग राघवेंद्र सिंह ने पिछले ढाई वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रदेश में पिछले ढाई वर्षों में निवेश सहायता के रूप में 6 हजार 136 एसएसएमई उद्यमियों को 3 हजार 723 करोड़ राशि दी गई है। उसके पहले के ढाई साल में केवल 1245 करोड़ की राशि प्रदान की गई थी। प्रदेश की नई औद्योगिक नीति तीव्र, पारदर्शी और उद्योग अनुकूल है।

पिछले एक वर्ष में उद्यमियों को 1000 से अधिक भूखंड आवंटित किए गए हैं। प्रदेश में 44 नए औद्योगिक क्षेत्र और क्लस्टर प्रस्तावित हैं। अगले ढाई साल में राज्य में 30 नए क्लस्टर और 20 नई कॉमन फैसिलिटी विकसित की जाएगी। अगले ढाई से तीन वर्षों में उद्योगों को 5000 नए भूखंड आवंटित होंगे। सरकार की मंशा है कि प्रदेश की सभी विधानसभाओं में कम से कम एक एमएसएमाई सेंटर विकसित किया जायेगा। इसके लिए अब तक 76 विधानसभाओं में स्थान चिह्नित किए गए हैं।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किए हितलाभ वितरित**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत इन्दौर के रवि बोबड़े तथा रेखा वर्मा और भोपाल के सुधीर कुमार शर्मा व मोहम्मद शिफर को ऋण राशि के चैक प्रदाय किए।


# आज का विद्यार्थी कल का भविष्य निर्माता, उसके हाथ हमें देश का दारोमदारः प्रह्लाद सिंह

**मार्गदर्शन**

कानून सबके लिए समान है। कानून के सामने कोई छोटा और बड़ा नहीं है: प्रहलाद सिंह पटेल

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंदौर।** मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि आज का विद्यार्थी कल का भविष्य निमार्ता है।
उसके हाथ में देश का दारोमदार है। कोई भी विद्यार्थी अकेले अपने बलबूते पर सफलता प्राप्त नहीं करता। उसके पीछे परिवार, समाज और राष्ट्र का भी योगदान होता है। अतः विद्यार्थियों को चाहिए कि वह सभी का सम्मान करें। मंत्री पटेल रविवार को विधिज्ञ द्वारा इंदौर के लाभमण्डपम में आयोजित विधिज्ञ एक्सीलेंस कॉन्क्लेव-2026 (गुरुजन सम्मान) के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री पटेल बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त न्यायाधीश तारकेश्वर सिंह, पूर्व कलेक्टर सीबी सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में पटेल ने क्लेट और आईपीएमएटी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही हाईस्कूल और हायर सेकण्डरी परीक्षा में 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों को सम्मानित किया।

उन्होंने सभी सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कानून सबके लिए समान है। कानून के सामने कोई छोटा और बड़ा नहीं है। सभी को कानून का पालन और सम्मान करना चाहिये।




# उप्र का मौसम : आगामी सात दिनों में आंधी-बारिश की संभावना, सावधान रहें

**पूर्वानुमान**

14 से 20 जून तक कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश तथा तेज हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के पूर्वी एवं पश्चिमी क्षेत्र में आने वाले सात दिनों में गरज-चमक के साथ बारिश तथा तेज हवाएं चलने की संभावना है। यह पूर्वानुमान रविवार को भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम केंद्र लखनऊ ने जताया है। उप्र प्रभागीय दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार पूर्वी एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 14 से 20 जून तक कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश तथा तेज हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की गई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 14 एवं 15 जून को 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने तथा कुछ स्थानों पर 70 किमी प्रति घंटे तक की गति पहुंचने की चेतावनी भी जारी की गई है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एन. सुनील पांडेय ने किसानों को सलाह दी है कि मौसम को देखते हुए खेतों में चल रहे कृषि कार्यों की उचित योजना बनाएं। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने धान की नर्सरी तैयार कर रखी है, वे जल निकासी की समुचित व्यवस्था रखें तथा तेज हवा और वर्षा के दौरान खेतों में अनावश्यक कार्य करने से बचें।

# आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञानः निपुण भारत मिशन को नई मजबूती देगी योगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार निपुण भारत मिशन को विद्यालय स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) तथा एनसीईआरटी आधारित पाठ्यपुस्तकों पर आधारित शिक्षण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रदेश के 58 जनपदों से 232 शैक्षणिक संदर्भदाताओं को राज्य स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। तीन चरणों में 22 जून से 10 जुलाई तक राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (एसआईएचएफडब्ल्यू), लखनऊ में आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण के माध्यम से एआरपी और डायट मेंटरों की ऐसी प्रशिक्षित टीम तैयार की जाएगी, जो आगे चलकर ब्लॉक स्तर पर हजारों शिक्षकों को प्रशिक्षित कर निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को कक्षा-कक्ष तक प्रभावी ढंग से पहुंचाएगी। योगी सरकार की यह पहल बुनियादी शिक्षा में गुणवत्ता, सीखने के परिणामों और निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति को नई गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। योगी सरकार का फोकस केवल विद्यालयों में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि कक्षा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करने पर भी है। इसी उद्देश्य से शैक्षणिक सत्र 2026-27 में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत एफएलएन और पांच प्रभावी बनाने हेतु जिला स्तरीय संदर्भदाताओं का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।



# भारथक्लाउड ने आईसीएसआई के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भारत के संप्रभु एआई क्लाउड प्रदाता भारथक्लाउड ने देशभर के कंपनी सेक्रेटरीज और आईसीएसआई सदस्यों तक विशेष रूप से तैयार किए गए क्लाउड समाधान उपलब्ध कराने के लिए पुणे में द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता भारत के कॉर्पोरेट गवर्नेंस और अनुपालन पेशेवरों को पुराने ऑन-प्रिमाइज आईटी ढाँचों से आगे बढ़ाकर ऐसे क्लाउड वातावरण की ओर ले जाने में सहायता करने की दिशा में एक कदम है, जिन्हें पेशेवर कार्यप्रणाली की विशिष्ट अनुपालन, डेटा रेजिडेंसी और सुरक्षा आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।
इस व्यवस्था के तहत, आईसीएसआई सदस्यों को भारथक्लाउड की क्लाउड अवसंरचना तक पहुँच प्राप्त होगी, जिसमें विभिन्न आकार की प्रैक्टिसों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार की गई विशेष मूल्य निर्धारण संरचनाएँ उपलब्ध होंगी, चाहे वह कोई व्यक्तिगत प्रैक्टिशनर हो या कोई बड़ी पेशेवर फर्म। यह विशेष मूल्य निर्धारण व्यवस्था समझौता ज्ञापन की तिथि से दो वर्षों की अवधि तक आईसीएसआई सदस्यों के लिए उपलब्ध रहेगी।

# 'दबंगई' दिखाने वाले असामाजिक तत्वों पर पैनी नजरः डीजीपी राजीव

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसीः** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्णा ने कहा कि प्रदेश में माफिया अब किसी भी कीमत पर पनप नहीं पाएंगे। पिछले आठ से दस वर्षों में माफियाओं के खिलाफ व्यापक पैमाने पर कार्रवाई हुई है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। महिला सुरक्षा, नागरिकों और व्यापारियों की सुरक्षा पर पूरा ध्यान है। प्रदेश में अपराधों में कमी आई है और महिलाओं, व्यापारियों तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। डीजीपी यहां रविवार को पुलिस लाइन सभागार में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश पुलिस अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टालरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। पुलिस गांवों, मुहल्लों में भी सक्रिय गुंडों और बदमाशों को भी चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। इसके लिए इंटरनेट मीडिया की भी मदद ली जा रही है। सोशल मीडिया के जरिए दहशत फैलाने वाले या 'दबंगई' दिखाने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर है। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। वाराणसी दौरे के दौरान अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था, पुलिसिंग और जनपदीय मुद्दों पर विस्तृत समीक्षा की गई। मिशन शक्ति के तहत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए किए गए कार्यों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। हाल के दिनों में भर्ती हुए 60,244 पुलिसकर्मी जनपदों में पहुंच चुके हैं और उनका प्रशिक्षण चल रहा है।




# कृषि, उद्यानिकी और फूड प्रोसेसिंग में उत्तर प्रदेश की नई पहचान, देश का अग्रणी राज्य बना प्रदेश



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल नेतृत्व एवं प्रभावी मार्गदर्शन में प्रदेश ने कृषि, उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग) के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए देश में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। विशाल कृषि आधार, मेहनतकश किसानों, निवेश को प्रोत्साहित करने वाली नीतियों और मजबूत औद्योगिक वातावरण के कारण उत्तर प्रदेश आज देश के प्रमुख खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्यानिकी केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है। प्रदेश में कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन और किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने व छोटे, मध्यम व बड़े सभी तरह के उद्यमियो को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लागू की गई उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। नीति के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना को बढ़ावा मिला है और कई जिले फूड प्रोसेसिंग हब के रूप में विकसित हो रहे हैं। इससे जहां उद्यमियों को नए अवसर मिल रहे हैं, वहीं किसानों, लघु एवं मध्यम व्यापारियों को भी लाभ पहुंच रहा है तथा बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसरों का सृजन हो रहा है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों वाला राज्य बन चुका है। प्रदेश में संगठित और असंगठित क्षेत्र को मिलाकर लगभग 3.5 लाख खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां संचालित हैं, जो राज्य की कृषि आधारित औद्योगिक क्षमता को दशार्ती हैं। देश के कुल खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों में उत्तर प्रदेश की लगभग 14-15 प्रतिशत हिस्सेदारी प्रदेश की मजबूत स्थिति को प्रदर्शित करती है। प्रदेश की सफलता का

**सकारात्मक**

उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं

**गो संरक्षण में यूपी देश का पथप्रदर्शक बन चुका है, इसी का परिणाम है कि गुजरात, केरल, हरियाणा समेत 15 राज्यों के लोग यूपी से गो संरक्षण सीख रहे हैं**

# गो सेवा में देश-दुनिया के लिए रोल मॉडल बना उत्तर प्रदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः देश**-दुनिया के लिए यूपी रोल मॉडल बनकर उभरा है। प्रदेश की देशी गायों के पंचगव्य और आयुर्वेदिक उत्पाद अब अमेरिका, जर्मनी, जापान, ऑस्ट्रेलिया और खाड़ी देशों तक पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गो संरक्षण को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने की नीति उत्तर प्रदेश को देश-विदेश में नई पहचान दिला रही है। यही नहीं, गो संरक्षण में यूपी देश का पथप्रदर्शक बन चुका है। इसी का परिणाम है कि गुजरात, केरल, हरियाणा समेत 15 राज्यों के लोग यूपी से गो संरक्षण सीख रहे हैं।



**सात समंदर पार पहुंचे यूपी के दुग्ध उत्पाद**

उत्तर प्रदेश में देसी गायों के जरिए तैयार किए जा रहे करीब 200 प्रकार के उत्पाद आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी पहचान बना रहे हैं। पंचगव्य घृत, ब्राह्मी घृत, गोमूत्र अर्क, घनवटी, च्यवनप्राश, गो घृत, शतधौता घृत और आयुर्वेदिक काजल जैसे उत्पादों की मांग विदेश में लगातार बढ़ रही है।
अमेरिका, कनाडा, यूएई, सिंगापुर, मलेशिया, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, जापान, सऊदी अरब और थाईलैंड समेत कई देशों में इन उत्पादों की पहुंच बनी है। प्राकृतिक जीवनशैली, आयुर्वेद और पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धति के प्रति बढ़ते आकर्षण ने यूपी के गो-आधारित उत्पादों के लिए नए बाजार तैयार किए हैं।

**गोशाला से ग्लोबल मार्केट का सफर**

उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी सफलता यह है कि यहां गो संरक्षण को आर्थिक मूल्य से जोड़ा गया। अब गोबर, गोमूत्र, घी और पंचगव्य आधारित उत्पादों को व्यवस्थित उद्योग का स्वरूप दिया जा रहा है। इस बदलाव ने देसी गाय को केवल पशुधन नहीं, बल्कि ग्रामीण आय और उद्यमिता के स्रोत के रूप में स्थापित किया है। गांवों में स्वयं सहायता समूह, गोशालाएं और छोटे उद्यमी भी इस क्षेत्र से जुड़कर आर्थिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

**आईटी इंजीनियर ने दिखाई नई राह**

गाजियाबाद के असीम रावत ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में काम करने के बाद देसी गायों के संरक्षण और उनसे जुड़े उत्पादों के निर्माण का क्षेत्र चुना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से शुरू हुई उनकी पहल आज 'हेता के रूप में देश और विदेश के बाजारों तक पहुंच चुकी है। असीम रावत का मानना है कि यदि देसी गायों के उत्पादों को वैज्ञानिक तरीके से विकसित कर बाजार से जोड़ा जाए तो यह क्षेत्र ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था में बड़ी भूमिका निभा सकता है। उत्तर प्रदेश का यह मॉडल अब अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा बन रहा है। गुजरात, हरियाणा, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पंजाब, तेलंगाना, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, गोवा, ओडिशा और आंध्र प्रदेश समेत 15 से अधिक राज्यों के लोगों को यहां असीम रावत प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसके माध्यम से लोगों को गो संरक्षण की बारीकियां सिखाई जाती हैं।
पशुपालन विभाग के अपर मुख्य

## संपादकीय

# आम लोगों के आशियाने का सपना और भूमाफिया का जाल

**आम** लोगों के सस्ते आशियाने की जरूरत को पूरा करने के लिए ताकतवर लोगों और सिस्टम में बैठे भ्रष्टाचारी लोगों व भूमाफियाओं के ताकतवर गठजोड़ की कृपा से अवैध फ्रीहोल्ड कॉलोनियों का जन्म आये दिन होता रहता है। इस गठजोड़ को बखूबी पता होता है कि अवैध फ्रीहोल्ड कॉलोनियां देश व प्रदेशों के नियम-कायदे व कानून को पूरी तरह से ठेंगा दिखाते हुए स्वयं सुनियोजित विकास में सबसे बड़ी बाधक बन रही है, लेकिन भ्रष्ट लोगों की कृपा से देश में पिछले तीन दशकों में लाखों की संख्या में अवैध कॉलोनियां कुकुरमुत्ते की तरह फल-फूल गयी हैं। पिछले कुछ दशकों से तो आलम यह हो गया है कि सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट व एनजीटी आदि के समय-समय पर दिये गये सख्त आदेशों व दिशा-निर्देशों तक की अवहेलना करते हुए मोटी कमाई के लालच में बेहद ताकतवर लोगों का यह पूरा गठजोड़ देश में अवैध फ्रीहोल्ड कॉलोनियों को शहर-दर-शहर फलने-फूलने का पूरा अवसर प्रदान कर रहा है, जो स्थिति देश के सुनियोजित विकास के लिए बेहद चिंताजनक है। रही-सही कसर उस वक्त पूरी हो जाती है जब इन अवैध कॉलोनियों में मकान बनवाने के नाम पर व मकान बनने के बाद तोड़ने से बचाने के नाम पर अवैध उगाही कर-के भ्रष्टाचारियों के बीच धन की बंदरबांट होती है, बेचारे लुटे-पिटे गरीब पर जीवन भर ही दोहरी मार पड़ती रहती है, हर पल वह अपने सपने का आशियाना व जीवन भर की गाढ़ी कमाई छिनने के भय में जीवन यापन करता रहता है। देश के सुनियोजित विकास में शहर-दर-शहर अवैध कॉलोनियां बहुत बड़ी बाधक बन गयी है। समय-समय पर सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट व एनजीटी तक भी पूरे देश में कुकुरमुत्ते की तरह फैली इन अवैध फ्रीहोल्ड कॉलोनियों पर चिंता जता चुका है। लेकिन फिर भी देश में लाखों की संख्या में अवैध कॉलोनियों का जाल बन चुका है, सरकार व सिस्टम की इन कॉलोनियों पर कार्रवाई के बाद भी स्थिति दिन-प्रतिदिन चिंताजनक होती जा रही है। जिसके चलते अब इन अवैध कॉलोनियों पर न्यायालयों को सख्त रुख अपनाना पड़ रहा है। एनजीटी के सख्त रुख के बाद ही गाजियाबाद में हिंडन नदी के रीवर फ्रंट (नदी के फाट) डूब क्षेत्र में बसी हुई इन अवैध कॉलोनियों पर गाजियाबाद प्रशासन ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के मूड में पूरी तरह से नजर आ रहा है। जिलाधिकारी के सख्त कार्रवाई करने के आदेश के बाद अब डूब क्षेत्र में अपने सपनों का आशियाना बनाने वाले लोगों को अपने घरों की चिंता सताने लगी है। लोगों का तर्क है कि दशकों बाद अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलवाने के आदेश से मकान मालिकों की जीवन भर की गाढ़ी कमाई धूल में मिल जाने की आशंका है। वैसे अवैध कॉलोनियों के जाल वाली इस स्थिति के लिए देश के अधिकांश प्रदेशों में जिस तरह वहां के विकास प्राधिकरण की आम लोगों को बिना लाभ-हानि के प्लाट व भवन मुहैया करवाने के अपने मूल उद्देश्य से भटक कर भारी लाभ कमाने के लिए स्वयं ही प्रोपर्टी डीलर बनकर सम्पत्ति को अधिक से अधिक महंगा करके बेचने के लिए डीलिंग की सोच काफी हद तक जिम्मेदार है।

# महंगाई का बढ़ता साया...आम जनता परेशान



प्रियंका सौरभ

> "महंगाई का सामाजिक प्रभाव भी गहरा होता है। जब आवश्यक वस्तुएं महंगी होती हैं तो परिवार सबसे पहले मनोरंजन, पर्यटन और विलासिता के खर्च में कटौती करते हैं। इसके बाद शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण जैसे क्षेत्रों पर भी असर पड़ने लगता है। कई परिवार बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन खरीदने में असमर्थ हो जाते हैं। इससे कुपोषण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। दूसरी ओर, शिक्षा पर होने वाले खर्च में कमी भविष्य की मानव पूंजी को प्रभावित करती है"

**भारत** जैसे विशाल और विकासशील देश में महंगाई केवल एक आर्थिक शब्द नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों के दैनिक जीवन से जुड़ी एक ऐसी वास्तविकता है जो उनकी आय, बचत, भोजन, शिक्षा और भविष्य की योजनाओं को सीधे प्रभावित करती है। हाल ही में प्रकाशित रिपोर्टों और बाजार के रुझानों से स्पष्ट है कि मार्च के बाद से रोजमर्रा की जरूरतों के सामान की कीमतों में 15 से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है। खाद्य तेल, साबुन, डिटर्जेंट, कॉफी, हैंडवॉश, नमकीन, शैंपू और दालों जैसे आवश्यक उत्पादों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। इसके साथ ही पेट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडर की कीमतों में हुई वृद्धि ने आम उपभोक्ता की परेशानी को और बढ़ा दिया है। महंगाई का सबसे अधिक प्रभाव मध्यम और निम्न आय वर्ग पर पड़ता है। इन वर्गों की आय सीमित होती है और उनके खर्च का बड़ा हिस्सा भोजन, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी आवश्यक जरूरतों पर खर्च होता है। जब रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ते हैं तो इनके पास बचत के अवसर कम हो जाते हैं। परिणामस्वरूप परिवारों को अपनी आवश्यकताओं में कटौती करनी पड़ती है या फिर कर्ज का सहारा लेना पड़ता है। रिपोर्ट के अनुसार खाद्य तेलों की कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि देखने को मिली है। जहां जून में इनमें 3 से 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी, वहीं मार्च के बाद अब तक यह वृद्धि 20 से 25 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। भारत खाद्य तेलों की आवश्यकता का एक बड़ा हिस्सा आयात करता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का सीधा असर भारतीय बाजार पर पड़ता है। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव, आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएं और परिवहन लागत में वृद्धि ने खाद्य तेलों को महंगा बना दिया है। महंगाई का दूसरा महत्वपूर्ण कारण ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी है। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जबकि कमर्शियल सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल भी महंगे हुए हैं। ऊर्जा किसी भी अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती है। जब ईंधन महंगा होता है तो परिवहन लागत बढ़ जाती है। इसका असर खेतों से मंडियों तक, फैक्ट्रियों से बाजारों तक और गोदामों से उपभोक्ताओं तक हर स्तर पर दिखाई देता है। फलस्वरूप लगभग हर वस्तु की कीमत बढ़ जाती है। आज कंपनियां भी बढ़ती लागत के दबाव में हैं। कच्चे माल, बिजली, परिवहन और पैकेजिंग की लागत बढ़ने से उत्पादन खर्च में वृद्धि हुई है। इस स्थिति में कंपनियां दो तरीके अपनाती हैं– या तो उत्पादों के दाम बढ़ाती हैं या पैकेट का आकार घटा देती हैं। उपभोक्ताओं को अक्सर यह महसूस नहीं होता कि समान कीमत पर मिलने वाला उत्पाद अब पहले से कम मात्रा में उपलब्ध है। इसे अर्थशास्त्र की भाषा में कहा जाता है। यह भी महंगाई का एक छिपा हुआ रूप है। महंगाई का सबसे स्पष्ट असर रसोई पर दिखाई देता है। एक मध्यमवर्गीय परिवार का मासिक रसोई बजट यदि पहले 15 हजार रुपये था तो कीमतों में बढ़ोतरी के कारण यह खर्च अब 17 से 18 हजार रुपये तक पहुंच सकता है। यह वृद्धि सुनने में छोटी लग सकती है, लेकिन सालभर में यह अतिरिक्त खर्च हजारों रुपये तक पहुंच जाता है। जिन परिवारों की आय स्थिर है, उनके लिए यह स्थिति और अधिक कठिन हो जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थिति कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। खेती में डीजल, खाद, बीज और कीटनाशकों की लागत बढ़ने से कृषि उत्पादन महंगा हुआ है। किसान को अपनी फसल का उचित मूल्य नहीं मिलता, जबकि उपभोक्ता को वही उत्पाद महंगे दामों पर खरीदना पड़ता है। इस प्रकार महंगाई का बोझ उत्पादक और उपभोक्ता दोनों पर पड़ता है, जबकि बीच की आपूर्ति श्रृंखला और बाजार संरचना अधिक लाभ अर्जित करती है।



महंगाई का सामाजिक प्रभाव भी गहरा होता है। जब आवश्यक वस्तुएं महंगी होती हैं तो परिवार सबसे पहले मनोरंजन, पर्यटन और विलासिता के खर्च में कटौती करते हैं। इसके बाद शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण जैसे क्षेत्रों पर भी असर पड़ने लगता है। कई परिवार बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन खरीदने में असमर्थ हो जाते हैं। इससे कुपोषण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। दूसरी ओर, शिक्षा पर होने वाले खर्च में कमी भविष्य की मानव पूंजी को प्रभावित करती है। आर्थिक दृष्टि से नियंत्रित महंगाई को विकास का संकेत माना जाता है, क्योंकि इससे मांग और उत्पादन में वृद्धि का संकेत मिलता है। लेकिन जब महंगाई आय वृद्धि से अधिक तेजी से बढ़ने लगे तो यह आर्थिक असंतुलन पैदा करती है। वर्तमान स्थिति में यही चिंता सामने आ रही है। वेतन और रोजगार की वृद्धि दर उतनी तेज नहीं है जितनी तेजी से आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही हैं। इससे वास्तविक क्रय शक्ति कम हो रही है। भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार महंगाई को नियंत्रित करने के लिए समय-समय पर कदम उठाते हैं। ब्याज दरों में परिवर्तन, आयात शुल्क में कमी, आवश्यक वस्तुओं के भंडारण पर निगरानी और बाजार में आपूर्ति बढ़ाने जैसे उपाय किए जाते हैं। हालांकि वैश्विक परिस्थितियों, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और भू-राजनीतिक तनावों के कारण कई बार इन प्रयासों का प्रभाव सीमित रह जाता है।

वर्तमान परिस्थितियों में सरकार को बहुआयामी रणनीति अपनाने की आवश्यकता है। खाद्य तेलों और आवश्यक वस्तुओं के आयात पर निर्भरता कम करने के लिए घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना होगा। कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों का विस्तार, भंडारण सुविधाओं का विकास और आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता बढ़ाना आवश्यक है। साथ ही जमाखोरी और कृत्रिम मूल्य वृद्धि पर कड़ी निगरानी रखनी होगी। पेट्रोलियम उत्पादों पर कर संरचना की समीक्षा भी उपभोक्ताओं को राहत देने में सहायक हो सकती है। उपभोक्ताओं की भी भूमिका महत्वपूर्ण है। अनावश्यक खरीदारी से बचना, बजट आधारित खर्च करना, स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देना और बचत की आदत विकसित करना वर्तमान समय की आवश्यकता है। डिजिटल माध्यमों से कीमतों की तुलना कर बेहतर विकल्प चुनना भी खर्च कम करने में मददगार हो सकता है। महंगाई केवल आर्थिक आंकड़ों का विषय नहीं है, बल्कि यह करोड़ों भारतीय परिवारों के जीवन स्तर, पोषण, शिक्षा और भविष्य की संभावनाओं से जुड़ा प्रश्न है। यदि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में इसी प्रकार निरंतर वृद्धि होती रही तो इसका प्रभाव केवल घरेलू बजट तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास की गति पर भी पड़ेगा। इसलिए सरकार, उद्योग जगत और उपभोक्ताओं–तीनों को मिलकर संतुलित और दीर्घकालिक समाधान तलाशने होंगे। आज आवश्यकता इस बात की है कि विकास की चमक केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि आम आदमी की थाली, रसोई और जेब में भी दिखाई दे। जब तक महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण नहीं होगा, तब तक आर्थिक प्रगति का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पूरी तरह नहीं पहुंच पाएगा। महंगाई की चुनौती केवल सरकार की नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की साझा चुनौती है, जिसका समाधान सामूहिक प्रयासों से ही संभव है।

**(डॉ. प्रियंका सौरभ, पीएचडी (राजनीति विज्ञान), कवयित्री एवं सामाजिक चिंतक हैं।)**

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस और स्लोवाकिया यात्रा

**सौरभ वार्ष्णेय**

**आज** भारत के हौसले चहुंओर अपनी विजय पताका पहरा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस और स्लोवाकिया यात्रा केवल एक नियमित विदेश दौरा नहीं है, बल्कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत की बढ़ती कूटनीतिक, आर्थिक और सामरिक भूमिका का महत्वपूर्ण संकेत दे रहा है। 13 से 18 जून 2026 तक होने वाली इस यात्रा में फ्रांस के साथ रणनीतिक साझेदारी को नई गति देने, स्लोवाकिया के साथ संबंधों का नया अध्याय खोलने तथा जी-7 शिखर सम्मेलन में भारत की प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराने का अवसर निहित है। फ्रांस में आयोजित 52 वें जी-7 शिखर सम्मेलन में भारत की अविरल भागीदारी है। भारत लगातार कई वर्षों से जी-7 बैठकों में आमंत्रित किया जा रहा है। फ्रांस भारत का सबसे विश्वसनीय यूरोपीय रणनीतिक साझेदार माना जाता है। रक्षा, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, समुद्री सुरक्षा और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में दोनों देशों के हित समान हैं। प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के बीच होने वाली बैठक में रक्षा सहयोग, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्टार्टअप और नवाचार के क्षेत्रों पर विशेष जोर रहने की संभावना है। दोनों राजनीतिज्ञ भारत इनोवेट्स 2026 कार्यक्रम का संयुक्त उद्घाटन भी कर रहे हैं, जो भारत-फ्रांस तकनीकी साझेदारी को नई दिशा देने वाला मंच माना जा रहा है।

यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब विश्व राजनीति बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रही है। यूरोप रूस-यूक्रेन संघर्ष, ऊर्जा संकट और आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे में भारत एक स्थिर, विश्वसनीय और तेजी से उभरती हुई शक्ति के रूप में यूरोपीय देशों के लिए महत्वपूर्ण साझेदार बन गया है। फ्रांस के साथ बढ़ती निकटता भारत की सामरिक स्वायत्तता को भी मजबूत करती है, क्योंकि दोनों देश स्वतंत्र विदेश नीति और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के समर्थक हैं।

इस यात्रा का दूसरा महत्वपूर्ण पड़ाव स्लोवाकिया है। यह विशेष इसलिए भी है क्योंकि 1993 में स्लोवाकिया के स्वतंत्र राष्ट्र बनने के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी की स्लोवाकिया यात्रा मध्य और पूर्वी यूरोप में भारत की सक्रिय कूटनीति का प्रतीक है। यहां प्रधानमंत्री की मुलाकात प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको और राष्ट्रपति  से होगी।

ऑटोमोबाइल, सूचना प्रौद्योगिकी और विनिर्माण क्षेत्रों में सहयोग की नई संभावनाओं पर चर्चा होने की उम्मीद है।

स्लोवाकिया यूरोपीय संघ का सदस्य है और मध्य यूरोप के औद्योगिक केंद्रों में से एक माना जाता है।

पूरे यूरोपीय संघ के साथ आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने का माध्यम भी है। ऐसे समय में जब भारत और यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

## विचार

# सार्वजनिक जीवन में विश्वास की पूंजी

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

विश्वास और भरोसा ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है। सार्वजनिक जीवन में जन विश्वास गंवाने वाला व्यक्ति किसी योग्य नहीं रह जाता। हाल ही में भारतीय राजनीति में जन विश्वास से जुड़ी दो अहम घटनाएं घटित हुई। पहली घटना में एक नेता ने जन विश्वास की पूंजी खो दिया। वहीं दूसरी घटना में नेता ने जन विश्वास की पूंजी को सहेजा ही नहीं, बल्कि हर बीतते दिन के साथ उसमें वृद्धि भी की।

पहली घटना 4 मई की है। इस दिन जन विश्वास खो चुकी तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। तृणमूल और ममता से नाराजगी का आलम यह था कि स्वयं ममता बनर्जी अपनी सीट हार गई। आज ममता बनर्जी और उनकी पार्टी की जो दुर्दशा हो रही है, उसकी जिम्मेदार कोई दूसरा नहीं बल्कि वह स्वयं और उनके कर्म ही हैं।

तृणमूल कांग्रेस के विधायक और सांसद अपना अलग गुट बना चुके हैं। स्वतंत्र भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में ऐसा कोई दूसरा उदाहरण मिलना मुश्किल है, जब किसी राजनीतिक दल का इतनी तेजी से विघटन हुआ हो। या किसी नेता की तथाकथित साख चुनाव हारने के चंद दिनों में ही औंधे मुंह गिरी हो। सत्ता गंवाने के बाद ममता बनर्जी को मंदिर जाने की याद आई। कालीबाड़ी दर्शन करने पहुंची ममता बनर्जी को लोगों ने पूरी तरह अनदेखा किया। डेढ दशक तक सूबे का मुख्यमंत्री रहने वाले नेता की जनता इस हद तक उपेक्षा करे, तो यह सिर्फ चुनावी हार नहीं, जनविश्वास के टूटने का संकेत होता है।

तृणमूल कांग्रेस के कुशासन से आजिज जनता आज उसके नेताओं का अंडे, टमाटर, जूते और मार कुटाई से  सत्कार कर रही है।

तृणमूल के नेताओं को देखकर चोर-चोर के नारे लगाए जा रहे हैं। ये वो लोग है जो पिछले 15 वर्षों से तृणमूल नेताओं की तानाशाही, गुण्डागर्दी और अत्याचार चुपचाप सह रहे थे।

तृणमूल नेताओं के प्रति जनता का व्यवहार उनके स्वाभाविक क्रोध, कुंठा, निराशा और हताशा का परिणाम है। ममता सरकार के डेढ़ दशक के शासन के दौरान राजनीतिक दलों के नेताओं व कार्यकताओं की हत्या व अपहरण, पोलिंग एजेंटों की पिटाई, बमबाजी, गोलीबारी, बूथों में तोड़फोड़, वोटों की लूट, प्रत्याशियों व उनके परिवार के सदस्यों को धमकियां, ये सब बंगाल में आम बातें हो चुकीं थीं। भाजपा के अपने अनुमानों के अनुसार, 2021 में विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद हुई हिंसा में टीएमसी के गुंडों ने 300 से अधिक भाजपा कार्यकताओं की हत्या की थी।

तत्कालीन राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने कानून व व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा था कि, राज्य में लोकतंत्र सांस नहीं ले पा रहा है। मुख्यमंत्री और प्रशासन मूक दर्शक बने हुए हैं।

दूसरी घटना 10 जून को घटित हुई। इस दिन नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में 4,399 दिन पूरे किए, जो देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में पूरे किए गए 4,398 दिन के कार्यकाल से ज्यादा है। इस तरह जनविश्वास, सुशासन और राष्ट्रहित के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक बनकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए। यह सिर्फ रिकॉर्ड नहीं, 140 करोड़ भारतीयों के अटूट विश्वास की जीत है।

2014 में देश ने उत्साह और अटूट विश्वास के साथ नरेंद्र मोदी को अपना प्रधानमंत्री चुना था, लेकिन उन्होंने स्वयं को हमेशा एक प्रधानसेवक माना। इसी रूप में वे अपना राष्ट्रधर्म निभाते हुए विकसित भारत के निर्माण में जुटे हैं। ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयासह्न के संकल्प के साथ उन्होंने समाज के हर वर्ग का विश्वास जीता है। उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाओं ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को अधिकार, सम्मान और आत्मनिर्भरता का एहसास कराया है।

विपक्ष के लगातार मिथ्या प्रचार, व्यक्तिगत हमलों, यहां तक की अपशब्द देने के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी अहर्निशं जनसेवा में जुटे हैं। देश की जनता उन पर भरोसा करती है, जनता को विश्वास है मोदी के रहते उनका अहित नहीं होगा। इसलिए वो लगातार तीसरी बार उन्हें प्रधानमंत्री की कुर्सी सहर्ष सौंपती है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः UTTHIN / 2009 / 31653

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत ( 9837313943)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
actionindiaddn@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# सम्मान और सुरक्षा का संकल्प

**सुनील कुमार महला**

**बुजुर्ग** हमारे अनुभव, संस्कार और जीवन मूल्यों की अमूल्य धरोहर हैं। कहना गलत नहीं होगा कि वे अनुभव और मार्गदर्शन का ऐसा खजाना होते हैं, जिसकी तुलना किसी भी भौतिक संपत्ति से नहीं की जा सकती। सच तो यह है कि बुजुर्ग केवल हमारे अतीत का ही हिस्सा नहीं हैं, बल्कि वे हमारे वर्तमान की नींव और भविष्य के पथप्रदर्शक भी हैं। किसी भी सभ्य समाज की पहचान इस बात से होती है कि वह अपने बच्चों और बुजुर्गों के साथ कैसा व्यवहार करता है। बुजुर्ग परिवार को एकजुट रखने वाले घने छायादार व बड़े वृक्ष के समान होते हैं। अपने अनुभवों और मूल्यों के माध्यम से वे नई पीढ़ी को सही दिशा प्रदान करते हैं तथा जीवन में सफलता और ऊंचाइयों की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।सच तो यह है कि बुजुर्ग हमारी संस्कृति और परंपराओं के संवाहक हैं तथा बच्चों के लिए आदर्श की भूमिका निभाते हैं। परिवार में उनकी उपस्थिति सुरक्षा, विश्वास और भावनात्मक संबल का एहसास कराती है। वे परिवार के सदस्यों के बीच उत्पन्न होने वाले मतभेदों और विवादों को सुलझाने में मध्यस्थ की भूमिका निभाते हैं तथा घर में एकता और सामंजस्य बनाए रखते हैं। इसलिए बुजुर्गों का सम्मान, सुरक्षा और उचित देखभाल करना हम सभी का नैतिक और सामाजिक कर्तव्य है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष 15 जून को विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस  मनाया जाता है। यह दिवस बुजुर्गों के प्रति होने वाले शोषण, उपेक्षा, हिंसा और आर्थिक दुर्व्यवहार के प्रति समाज को जागरूक करने के लिए समर्पित है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस की शुरूआत पहली बार 15 जून 2006 को इंटरनेशनल नेटवर्क फॉर द प्रिवेंशन ऑफ एल्डर एब्यूज और विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से की गई थी। इसके बाद दिसंबर 2011 में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) ने अपने प्रस्ताव ए/आरईएस/66/127 के माध्यम से 15 जून को आधिकारिक रूप से विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के रूप में मान्यता प्रदान की।

# भारतीय लोकतंत्र और उसकी विशेषता

**अवनीश कुमार गुप्ता**

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक यह है कि उसने राज्य की शक्ति को केवल शासन चलाने तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे नागरिकों के अधिकारों की रक्षा का दायित्व भी सौंपा। इसी कारण भारतीय संविधान को केवल शासन संचालन का दस्तावेज नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, राजनीतिक समानता और मानवीय गरिमा का घोषणापत्र भी कहा जाता है। इस संवैधानिक दर्शन के केंद्र में न्याय की अवधारणा विद्यमान है। न्याय केवल न्यायालयों द्वारा दिए गए निर्णयों का नाम नहीं है, बल्कि वह व्यवस्था है जिसमें प्रत्येक नागरिक को सम्मानपूर्वक जीवन जीने, अवसर प्राप्त करने और अपने अधिकारों की रक्षा कराने का भरोसा प्राप्त हो। इसी व्यापक दृष्टिकोण के अंतर्गत संविधान के अनुच्छेद 142 में सर्वोच्च न्यायालय को पूर्ण न्याय सुनिश्चित करने की असाधारण शक्ति प्रदान की गई है। हाल के वर्षों में इस शक्ति के प्रयोग को लेकर व्यापक बहस देखने को मिली है। सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, चुनावी पारदर्शिता, प्रशासनिक उत्तरदायित्व, महिला अधिकार, अल्पसंख्यक अधिकार, कारागार सुधार तथा नागरिक स्वतंत्रताओं से जुड़े अनेक मामलों में सर्वोच्च न्यायालय ने सक्रिय भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुरक्षित यात्रा को जीवन के अधिकार का अभिन्न हिस्सा मानने संबंधी न्यायालय की टिप्पणी भी इसी क्रम की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। न्यायालय ने यह स्पष्ट संकेत दिया कि नागरिकों का जीवन केवल अपराधों से ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही, अव्यवस्थित आधारभूत संरचना और नीतिगत निष्क्रियता से भी प्रभावित होता है।

इसलिए राज्य का दायित्व केवल कानून बनाना नहीं, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी है।

भारत में सड़क दुर्घटनाएँ लंबे समय से एक गंभीर सार्वजनिक चुनौती बनी हुई हैं। प्रतिवर्ष लाखों दुर्घटनाएँ और बड़ी संख्या में होने वाली मृत्यु यह दर्शाती है कि समस्या केवल यातायात नियमों के उल्लंघन की नहीं, बल्कि समग्र परिवहन प्रबंधन, सड़क अभिकल्पना, आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था और प्रशासनिक समन्वय की भी है।

# एसआईआर अभियान की 15 जून से शुरूआत

## बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का करेंगे सत्यापन : उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आनंद शर्मा

**एसआईआर**

**उपायुक्त रविवार को एसआईआर अभियान से जुड़े अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार संपूर्ण देश में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण. 2026 का कार्य करवाया जा रहा है। एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची का शुद्धिकरण करना है ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से नाम दर्ज करवाने से वंचित ना रहे और कोई भी अपात्र व्यक्ति या जिसकी मृत्यु हो चुकी हो वह मतदाता सूची में शामिल न रहे।

इस अभियान के तहत 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। इस दौरान किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से काटा नहीं जाएगा, केवल अपात्र व्यक्ति का नाम नोटिस जारी करने की प्रक्रिया अपनाते हुए मतदाता सूची से हटाया जाएगा। इसके अलावा 1 जुलाई 2026 को क्वालिफाइंग तिथि मानकर 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे युवा भी अपनी वोट बनवा सकेंगे और जिन्हें मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा।

उपायुक्त रविवार को लघु सचिवालय के सभागार में एसआईआर अभियान से जुड़े अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व सीईओ हरियाणा एश्री निवास ने इस अभियान के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्तों के साथ वीसी के माध्यम से तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोग की तरफ से इस अभियान से जुड़े कर्मियों को गणना फार्म, फार्म नम्बर.6,7,8 सहित आई कार्ड, बैग व कैप उपलब्ध करवा दिए गए है। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति वोट बनवाने से वंचित न रहे तथा त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार की जाए।

उपायुक्त ने कहा कि जिला में कुल 1181 बीएलओ नियुक्त किए गए है। उन पर निगरानी रखने के लिए सुपरवाइजर तैनात किए गए है। इसके अलावा संबंधित एसडीएम भी बीएलओ के कार्य पर कड़ी नजर रखेगें तथा वह स्वयं भी निरीक्षण करेंगे। उन्होंने बताया कि नागरिक किसी भी प्रकार की जानकारी या समस्या के समाधान के लिए निर्वाचन आयोग के टोल फ्री नंबर 1950 पर सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक संपर्क कर सकते है।

उपायुक्त ने यह भी बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण की क्वालिफाइंग तिथि 1 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है तथा 21 जुलाई को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन होगा और 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। जिनका निपटारा संबंधित ईआरओ द्वारा 18 सितंबर 2026 तक किया जाएगा। ईआरओ के निर्णय से असंतुष्ट होने पर मतदाता जिला निर्वाचन अधिकारी को दावे एवं आपत्तियां दर्ज करवा सकता है।

इस निर्णय के विरूद्ध भी राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी को आपत्ति दर्ज करवा सकते है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 सितंबर 2026 को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमजन घर. घर सत्यापन के दौरान बीएलओ एवं चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों का सहयोग करें।
किसी भी प्रकार की जानकारी या समस्या के समाधान के लिए निर्वाचन आयोग के टोल फ्री नंबर 1950 पर सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व पटल पर बनाई नई पहचान : लाठर

**महाअभियान**

**केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राज्यव्यापी सेवा का महाअभियान चलाया हुआ है**




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा में भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राज्यव्यापी सेवा का महा-अभियान चलाया हुआ है।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 12 वर्षों के शासन काल की उपलब्धियों को लेकर किए जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें करनाल नगर निगम मेयर रेणुबाला सहित सभी भाजपा पार्षद एवं सभी मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

इस दौरान संगठन के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, जनसंपर्क गतिविधियों तथा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने के विषयों पर विस्तृत चर्चा भी की गई। जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित यह 12 वर्षों का कार्यकाल देश के विकास का स्वर्णिम अध्याय साबित हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आने वाले वर्षों में विश्व की अग्रणी शक्तियों में और अधिक मजबूती के साथ अपनी पहचान

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 12 वर्षों में निरंतर राष्ट्रसेवा करते हुए देश को विकास के नए आयाम प्रदान किए हैं। सडक, रेल, हवाई, डिजिटल, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। जितनी गति से विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का विस्तार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुआ है, उसने भारत को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई है।

# तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग प्रशिक्षण केम्प का सफलता पूर्वक समापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाड़वा 14, जून (विजय कौशिक)** : लाडवा बीडीपीओ ऑफिस लाडवा में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आज सफलता पूर्वक समापन हुआ। ये योगा कैंप 11 जून से 13 जून तक जिला आयुर्वेदिक अधिकारी कुरुक्षेत्र डॉ मंजू शर्मा जी के दिशा-निर्देशानुसार खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी विनोद सांगवान के मार्गदर्शन में लाडवा ब्लॉक में बीडीपीओ कार्यालय के प्रांगण में तीन दिवसीय योग केम्प का समापन हुआ । 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम प्रशिक्षण कराया गया।
कार्यक्रम में बी.डी.पी.ओ. कार्यालय के स्टाफ,सरपंच, ग्राम सचिव और कर्मचारियों ने योग प्रोटोकॉल अभ्यास में भाग लिया।

कार्यक्रम के इस अवसर आयुष योग सहायक कमल किशोर ने सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को योग का अभ्यास करवाया और उनके सहयोगी रहे योग शिक्षक बाल कृष्ण मल्होत्रा ,योग सहायक नरेंद्र, डॉ. पूजा मंढाण (अटड) और डॉ.सोनाक्षी धीमान (अटड) ने उपस्थित लोगों को मोटापा, मधुमेह एवं अन्य जीवनशैली जनित रोगों से बचाव हेतु योगासनों एवं नियमित योगाभ्यास के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।
कार्यक्रम में आयुष विभाग से डॉ. पूजा मंढाण( अटड) और डॉ. सोनाक्षी धीमान (अटड) फार्मासिस्ट धर्मवीर सैनी , बी.डी.पी.ओ. कार्यालय से सहायक मोहन शर्मा, अकाउंटेंट रणधीर सिंह सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## 15 जून को होगी योग मैराथन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि भारत सरकार तथा हरियाणा सरकार के निदेशानुसार 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला में विभिन्न भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आयुष विभाग करनाल के योग विशेषज्ञ तथा हरियाणा योग आयोग के नोडल अधिकारी डॉ. अमित पुंज ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ-साथ जिला में हरित योग अभियान भी चलाया जा रहा है। हरित योग अभियान अभियान योग के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देते हुए आयुष विभाग द्वारा जिला के सभी ब्लॉकों में योग व्यायाम शालाओं आयुष आरोग्य केद्रों जिला में कार्यरत योग संस्थाओं के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण तथा वितरण किया जा रहा है।

## महापुरुषों ने मानवता को प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया: हरिमोहन



**रादौर, 14 जून (कुलदीप सैनी)** : उपमंडल के गांव दौलतपुर में संत निरंकारी मिशन द्वारा विशाल संत समागम का आयोजन किया गया। समागम की अध्यक्षता राजस्थान के जोनल इंचार्ज हरिमोहन गहलोत ने की। श्रद्धालुओं से खचाखच भरे समागम में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिला। इस मौके पर आयोजित समागम में प्रवचन करते हुए हरिमोहन गहलोत ने कहा कि मानव जीवन परमात्मा की अनमोल देन है, जो अनेक योनियों के बाद प्राप्त होता है। इसलिए मनुष्य को अपने जीवन का उद्देश्य परमात्मा की पहचान प्राप्त कर उसके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी महापुरुषों ने मानवता को प्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश दिया तथा लोगों को सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि पूर्ण सतगुरु की कृपा से ब्रह्म ज्ञान प्राप्त होने पर मनुष्य के भीतर प्रेम, नम्रता, सहनशीलता और सेवा की भावना विकसित होती है, जिससे उसका जीवन सार्थक बनता है। समागम में श्रद्धालुओं ने सत्संग और भक्ति गीतों का आनंद लिया तथा मानव एकता और विश्व बंधुत्व के संदेश को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

**न्यूज फ्लैश**

## तीन ट्रैक्टरों की बैटरियां और कार का टायर चोरी, केस दर्ज

**रादौर, 14 जून (कुलदीप सैनी)** : गांव सिकंदरा से चोरों ने रात के समय तीन ट्रैक्टरों की बैटरियां तथा एक कार का टायर चोरी कर लिया। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में राजेश कुमार और अमन कुमार ने बताया कि उन्होंने अपने ट्रैक्टर घर के पास खड़े किए थे। सुबह उठकर देखा तो तीनों ट्रैक्टरों की बैटरियां गायब थीं। वहीं गांव साहबपुरा निवासी अमर सिंह की कार का पिछला टायर रिम सहित चोरी कर लिया गया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच में एक कार में सवार संदिग्ध व्यक्ति सामान ले जाते दिखाई दिए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## लाड़वा शहर में आवारा घोड़ों का बढ़ता प्रकोप बनी एक गंभीर समस्या।

**लाड़वा 14 जून (विजय कौशिक)** : लाडवा शहर में आवारा घोड़ों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। ये जानकारी लाड़वा के समाजसेवी एवं एडवोकेट योद्धराज बंसल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। उन्होंने बताया कि उनके घर के पास जो कि लाड़वा पालिका बाजार (पुराने थाना के नजदीक) में हर रोज 4-5 घोड़े घूमते फिरते हैं।जिसके कारण अक्सर हादसे व दुर्घटना होती रहती है। लोग घोड़ों को व्यावसायिक उपयोग के बाद लावारिस छोड़ देते हैं। जब इनका कोई मालिक नहीं होता, तो प्रशासन के लिए किसी एक व्यक्ति पर जुमार्ना लगाना मुश्किल हो जाता है।उन्होंने कहा कि आवारा घोड़े अक्सर झुंड में सड़कों के बीच या मुख्य चौराहों पर घूमते हैं, जिससे भीषण सड़क दुर्घटनाएं होती हैं।
आक्रामक व्यवहारः भूखे और डरे हुए आवारा घोड़े राहगीरों या वाहन चालकों पर हमला भी कर देते हैं, जिससे गंभीर चोटें आने का खतरा रहता है। माइक्रोचिपिंग (ट्र१ड्ढँस्त्रस्त्रल्लॅ): पशु अधिकारों की वकालत करने वालों का मानना है कि घोड़ों की माइक्रोचिपिंग अनिवार्य होनी चाहिए, ताकि उनके मालिकों का पता लगाकर उन पर भारी जुमार्ना लगाया जा सके। सरकारी आश्रय (र३१८ अल्ल्रे' ढङ्क४ल्लर२): नगर निकायों को आवारा घोड़ों को सुरक्षित रखने के लिए विशेष अस्तबल या पशु बाड़े बनाने की आवश्यकता है।
लाड़वा में पालतू घोड़े सड़कों पर घूम रहे हैं और नगरपालिका इन पालतू घोड़ों के मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करने में असमर्थ नजर आ रही है। आमजन हर समय इन घोड़ों, गायों व सांडों के कारण परेशान हैं। यह पालतू घोड़े जो सड़कों पर आवारा घूम रहे हैं वह कई लोगों को चोटिल कर चुके हैं। लाड़वा निवासी शिव कुमार , प्रदीप कुमार, देवेन्द्र सिंह, सतीश कुमार का कहना है कि शहर में दर्जनों की संख्या में आवारा घोड़े हर समय घूमते रहते हैं।
लोगों का कहना है कि यह समस्या शहर में काफी पुरानी है और इसको लेकर नगरपालिका में गुहार लगा चुके हैं। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। लोगों में प्रशासन के इस रवैये को लेकर भारी रोष है और इन लोगों का कहना है कि वह जल्द की इस मामले में जिला के आला अधिकारियों को ज्ञापन सौपेंगे।
नगरपालिका सचिवः ब्यान
नगरपालिका सचिव नीरज सैनी ने कहा कि उनके संज्ञान में यह मामला अभी आया है। उन्होंने नगरपालिका के कर्मचारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं कि आवारा घूम रहे घोड़ों के मालिकों को ढूंड कर उन्हें नोटिस दिया जाए। ताकि अगर भविष्य में उनके घोड़े आवारा घूमते नजर आए तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई व जुमार्ना लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाडवा विधानसभा मुख्यमंत्री नायब सैनी जी की विधानसभा है किसी भी आमजन को कोई समस्या नही आने दी जाएगी। उनके संज्ञान में मामला आया है इस समस्या को भी जल्द दूर किया जाएगा।

## युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए चलेगा जागरूकता अभियान



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 14 जून (कुलदीप सैनी) :** क्षत्रिय जागृति सेवा संघ रादौर की बैठक रविवार को पार्षद विनीश राणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। विनीश राणा ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखकर सही दिशा देना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर कोच अमित राणा ने युवाओं को शिक्षा और खेलों में अधिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समाज को अपने महापुरुषों के आदर्शों को नहीं भूलना चाहिए और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही युवा बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। इस अवसर पर पुष्पेंद्र राणा, सूरज राणा, अंकित राणा, अनिल राणा, सचिन राणा, साहिल राणा, अधिवक्ता मनोज राणा, अधिवक्ता विकास राणा, संदीप राणा, विजेंद्र राणा सहित समाज के अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## 12 साल में रुका खरखौदा का विकासः पूर्व विधायक जयबीर सिंह

**साधा निशाना**

**प्रेस वार्ता आयोजित कर क्षेत्र के विकास को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला**



**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

पूर्व सीपीएस एवं पूर्व खरखौदा विधायक जयबीर बाल्मिकी ने रविवार को खरखौदा स्थित अपने निवास पर प्रेस वार्ता आयोजित कर क्षेत्र के विकास को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में खरखौदा को कोई बड़ी नई विकास योजना नहीं मिली, जबकि यह क्षेत्र राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एनसीआर में होने के कारण तेजी से विकसित हो सकता था। जयबीर बाल्मिकी ने कहा कि खरखौदा दिल्ली से सटा हुआ क्षेत्र है। यहां औद्योगिक, शैक्षिक और बुनियादी ढांचे के लिहाज से अपार संभावनाएं हैं। लेकिन सरकारी उदासीनता के कारण यह क्षेत्र पीछे छूट गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल घोषणाएं कर रही है, धरातल पर काम नहीं हो रहा। जयवीर सिंह ने दावा किया कि उनके कार्यकाल 2009 से 2014 के दौरान खरखौदा में विकास की नींव रखी गई थी। इस दौरान लगभग 800 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का खाका तैयार किया गया था। उन्होंने यह भी बताया कि उनके कार्यकाल में आइएमटी खरखौदा की स्थापना, सब-डिवीजन का गठन, बाईपास का निर्माण, नया बस स्टैंड, और शिक्षा से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू की गई थीं। इन परियोजनाओं ने क्षेत्र की तस्वीर बदलने का काम किया। खरखौदा औद्योगिक हब के रूप में उभरने लगा था और लोगों को रोजगार के अवसर मिलने लगे थे।
लेकिन 2014 के बाद विकास की गति थम गई। न तो नई परियोजनाएं आईं और न ही पुरानी योजनाओं का सही ढंग से रखरखाव हुआ। जयबीर सिंह ने कहा कि आज खरखौदा के ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं। बरसात में जलभराव और जल निकासी की समस्या आम हो गई है। गांवों में सीवरेज सिस्टम ठप पड़ा है। लोगों को पानी निकासी एवं स्ट्रीट लाइट और सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने नई योजनाएं लाने की बात तो दूर, पुराने विकास कार्यों के रखरखाव में भी असफल रही है ।नगरपालिका और प्रशासन के बीच तालमेल की कमी के कारण जनता को परेशानी उठानी पड़ रही है। पूर्व विधायक ने कहा कि दिल्ली के नजदीक होने के कारण खरखौदा में मेट्रो कनेक्टिविटी समय की मांग है। हजारों लोग रोजगार, शिक्षा और इलाज के लिए दिल्ली-एनसीआर आते-जाते हैं। उन्होंने रिठाला से खरखौदा तक मेट्रो विस्तार की मांग दोहराते हुए कहा कि अगर यह प्रोजेक्ट पूरा हो जाता है तो खरखौदा का कायाकल्प हो जाएगा। उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, रियल एस्टेट में निवेश आएगा और युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि बहादुरगढ़, नजफगढ़ तक मेट्रो पहुंच चुकी है, लेकिन खरखौदा जैसे संभावनाओं वाले क्षेत्र को नजरअंदाज किया जा रहा है।
खरखौदा शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव का जिक्र करते हुए जयबीर बाल्मिकी ने कहा कि वर्तमान बस स्टैंड शहर के बीचों-बीच स्थित है, जिससे जाम की समस्या बढ़ गई है।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तवीरों का सम्मान, महापौर ने बढ़ाया उत्साह

**आह्वान**

**एक यूनिट रक्त जरूरतमंदों को देता है नया जीवन, समाज को आगे आने की जरूरत : महापौर**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रविवार को आयोजित रक्तदान शिविर में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने विशेष रूप से सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने रक्तदाताओं, आयोजकों एवं समाजसेवियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही रक्तदाता युवाओं एवं स्वयंसेवकों से संवाद कर उनके सेवा भाव की सराहना करते हुए समाजहित में किए जा रहे कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का ऐसा श्रेष्ठ माध्यम है, जिसके जरिए किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त कई लोगों की जिंदगी बचाने में सहायक सिद्ध हो सकता है। इसलिए रक्तदान केवल दान नहीं, बल्कि सच्चे अर्थों में जीवनदान है। उन्होंने युवाओं से आगे आकर नियमित रक्तदान का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान कर सामाजिक जिम्मेदारी निभानी चाहिए।
महापौर ने रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले सभी रक्तवीरों का अभिनंदन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने आयोजकों के सार्थक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में ऐसे शिविरों की महत्वपूर्ण भूमिका है।
इस अवसर पर मोहित चावला, गौरव सेखड़ी, गौरव अरोड़ा, आकाश भट्ट, संजय गुप्ता सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

### सक्रिय भागीदारी का आह्वान

कार्यक्रम के समापन पर महापौर रेणु बाला गुप्ता ने रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों, सहयोगियों एवं रक्तदाताओं को शुभकामनाएं दीं।
साथ ही भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

# मारवाड़ी धर्मशाला में युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**

यमुनानगर/जगाधरी। जगाधरी स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में किराये के कमरे में रह रहे एक युवक ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल यमुनानगर भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान सोनू कुमार (32) पुत्र गोपाल निवासी हापुड़, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। वह



पिछले करीब 10 दिनों से जगाधरी की मारवाड़ी धर्मशाला में किराये के कमरे में रह रहा था।
सिटी थाना जगाधरी के जांच अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि धर्मशाला के एक कमरे में युवक पंखे से लटका हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि युवक द्वारा यह कदम उठाने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। जांच अधिकारी ने बताया कि मामले में तथ्यों के आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### डेंटल एंड हेयर क्लिनिक चीका द्वारा गांव भूना में फ्री चैकअप कैंप आयोजित



**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** गुहला उपमंडल के गांव भूना के गुरुद्वारा साहिब में शर्मा डेंटल एंड हेयर क्लिनिक चीका द्वारा एक फ्री चैकअप कैंप लगाया गया। उक्त जानकारी देते हुए डाक्टर विक्रम शर्मा ने बताया कि कैंप में लगभग 70 मरीजों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि मरीजों को दांतों की देखभाल के बारे में समझाया गया तथा कैंप में आए हुए सभी मरीजों को टूथपेस्ट और टूथब्रश बांटे गए और जिन मरीजों को दवाई की जरूरत थी, उन्हें मुफ्त दवाईयां भी दी गई। कैंप में डॉक्टर विक्रम शर्मा ने मरीजों को सलाह दी कि उन्हें दिन में दो बार ब्रश करना चाहिए, जिससे उनके दांत में खाना नहीं फंसेगा और दांत स्वस्थ रहेंगे। इस अवसर पर उनकी टीम के मेंबर डेंटल असिस्टेंट अवतार सिंह व कुलदीप कौर भी मौजूद रहे।

### स्वर्गीय एडवोकेट बिरजू सिंह तंवर के निधन पर पाली निवास पर सांसद व विधायक ने शोक व्यक्त किया और परिवार को सांत्वना दी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** स्वर्गीय एडवोकेट बिरजू सिंह तंवर के निधन पर सांसद धर्मबीर सिंह, विधायक ओमप्रकाश यादव व विधायक कंवर सिंह यादव ने पाली निवास पर शोक व्यक्त किया और परिवार को सांत्वना दी। न्यायमूर्ति नरेश सिंह शेखावत, प्रदीप परमार, जिला अध्यक्ष यतेंद्र, केंद्रीय विश्वविद्यालय की डीन डॉ पायल चंदेल,डॉ अभय सिंह यादव पूर्व मंत्री, सीताराम यादव पूर्व विधायक सुरेंद्र कौशिक पूर्व जिला प्रमुख, जसबीर ढिल्लों , राकेश यादव पूर्व सेशन जज, वरुण गुप्ता , डॉ अतर लाल जी अटेली, व्यापार मंडल प्रधान सुरेंद्र बंटी सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके बड़े बेटे जिला संयोजक विधि प्रकोष्ठ भाजपा ललित एडवोकेट को ढांढस बताते हुए परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्ति सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर गुहला के तीन समाजसेवी सम्मानित

## जिला कारागार में लगे रक्तदान शिविर में गुहला के समाजसेवियों ने दिया मानवता का संदेश

**सम्मान**

**समाज में लम्बे समय से किए जा रहे उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया**



**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** विश्व रक्तदाता दिवस पर कुरुक्षेत्र में आयोजित एक रक्तदान शिविर में गुहला के तीन समाजसेवियों भीम कौशिक (अध्यक्ष, नीफा कैथल), सागर भारद्वाज (प्रधान, नेकी की दीवार चैरिटेबल ट्रस्ट चीका) तथा सुनील दत्त (शिक्षक एवं समाजसेवी) को समाज में लम्बे समय से किए जा रहे उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। उक्त रक्तदान शिविर विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला कारागार कुरुक्षेत्र में आयोजित किया गया था और इसी कार्यक्रम में एक सम्मान समारोह भी रखा गया था। मालूम रहे कि उक्त तीनों समाजसेवियों ने रक्तदान शिविर में रक्तदान कर समाज के समक्ष मानवता और सामाजिक सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डा. अशोक वर्मा द्वारा किया गया था। शिविर में अनेक रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर समाज को मानव सेवा का संदेश दिया। समारोह में सम्मानित होने के बाद चीका पहुंचे भीम कौशिक ने कहा कि विश्व रक्तदाता दिवस हमें निःस्वार्थ सेवा और मानवता के महत्व की याद दिलाता है। रक्तदान एक ऐसा महान कार्य है, जो किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने की शक्ति रखता है। एक यूनिट रक्त कई लोगों के जीवन में आशा की किरण बन सकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान आपात स्थितियों, प्रसव, शल्य चिकित्सा, कैंसर उपचार और कई गंभीर बीमारियों के उपचार के दौरान रोगियों के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होता है। सागर भारद्वाज ने कहा कि रक्तदान केवल रक्त देने का कार्य नहीं, बल्कि मानवता के प्रति हमारी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान कर जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए। रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है, इसलिए स्वैच्छिक रक्तदाता समाज के सच्चे नायक हैं। वहीं प्रमुख शिक्षाविद सुनील दत्त ने कहा कि रक्तदान जीवनदान के समान है। शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा भी हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक होकर आगे आना चाहिए, ताकि किसी भी जरूरतमंद को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। एक छोटी-सी पहल किसी के जीवन में नई उम्मीद जगा सकती है। इस वर्ष विश्व रक्तदाता दिवस की थीम मानवता की एक बूंद। रक्तदान करें। जीवन बचाएं रखी गई थी, जो रक्तदान के केंद्र में मानवता, करुणा और सामूहिक जिम्मेदारी के संदेश को स्थापित करती है। यह अभियान इस विचार को सशक्त करता है कि प्रत्येक रक्तदाता एक ऐसी जीवनरेखा का निर्माण करता है, जो हम सभी को जोड़ती और सुरक्षित रखती है। गौरतलब है कि विश्व रक्तदाता दिवस महान वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टीनर की जयंती पर मनाया

# गौशाला में हवन करके किया घेवर बनाने के कार्य का शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत 14 जून (बिजेंद्र सिंह)।** पानीपत में चौटाला रोड पर कर्मयोगी कृष्ण गौशाला सिवाह में रविवार को हवन यज्ञ करके घेवर बनाने के कार्य का गौशाला प्रधान रविंद्र कादियान ने शुभारंभ किया। इस दौरान उप प्राचार्य जगदीश चहल द्वारा हवन किया गया। घेवर बनाने का कार्य जन्माष्टमी पर्व तक चलेगा और इससे सिवाह गौशाला की अच्छी आमदनी होने की उम्मीद है।


बता दे कि सिवाह गौशाला सहित पानीपत जिला की कई अन्य गौशालाओं में पिछले कई सालों से सावन माह के दौरान घेवर बनाया जाता है और घेवर से गौशालाओं को अच्छी आमदनी होती है। इस मौके पर प्रधान रविंद्र कादियान ने बताया कि इससे एक तो गौशाला की अतिरिक्त रूप से आमदनी होगी और दूसरे स्थानीय लोगों को भी शुद्ध देशी घी व अच्छी क्वालिटी का घेवर बाजार से कम भाव पर मिलेगा। उन्होंने बताया कि गौशाला में गांव सिवाह के ही मुकेश कादियान की देखरेख में चार तरह का घेवर बनाना शुरू किया गया है, जिसमें साधारण, मलाई, खोया व केसर वाला घेवर शामिल है। इस अवसर पर चेयरमैन संदीप कादियान, उप प्रधान मनोज गोयत, सचिव राजबीर कादियान, कैशियर प्रवीन शर्मा, रिटायर्ड सुबेदार राम सिंह, डा. पवन कुमार, सुबेदार रघबीर सिंह,मुकेश कादियान, कुलदीप कादियान, बिजेंद्र कादियान, डा. संदीप, डा. शीशपाल बबैल, बलबीर सिंह व दीपक कादियान आदि मौजूद रहे।

# आज सोमवती अमावस्या, पितरों के निमित्त करे पिंडदान, तर्पण व हवन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** हिंदू धर्म में अमावस्या तिथि को पितरों की कृपा पाने का विशेष दिन बताया गया है। सोमवार को यानि 15 जून को ज्येष्ठ अधिकमास की सोमवती अमावस्या है।

ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि वैसे तो सब अमावस्याओं को पितरों के लिए फलदाई बताया है। परंतु सोमवार के दिन आने से इसकी महत्ता और बढ़ जाती है। सोमवार के दिन आने से सोमवती अमावस्या कहते है। इस दिन पितरों के निमित्त तर्पण, पिंडदान, हवन आदि करवाने से पितृ देव प्रसन्न होते है। पितृ दोष शांत होता है तथा परिवार में सुख समृद्धि आती है और पितरों का आशीर्वाद हम पर बना रहता है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने से व्यक्ति को पुण्य की प्राप्ति होती है, साथ हीं आरोग्य और समृद्धि भी मिलती है। मान्यता है कि सोमवती अमावस्या पर विधिवत स्नान करने से भगवान विष्णु और पितरों की कृपा हमेशा बनी रहती है। यदि आप नदियों में स्नान करने नहीं जा सकते तो आप घर में ही थोड़ा सा गंगाजल नहाने के पानी में मिलाकर स्नान करें तो भी तीर्थ के समान फल मिलता है।

# खरकां गांव में भूना माइनर टूटने से मुर्गी फार्म में घुसा पानी, हजारों चूजे मरे





**मामला गर्माया**

**माइनर में पानी छोडे से पहले विभाग ने उन्हें व किसानों को कोई सूचना नहीं दी**

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** गुहला उपमंडल के गांव खरकां में भूना माइनर टूट जाने से वहां डेरा शाह फार्म में पानी घुस गया और वहां स्थित मुर्गी फार्म में हजारों चूजे व मुर्गी डूबकर मर गई। उक्त जानकारी देते हुए मुर्गी फार्म के मालिक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि रात को सिंचाई विभाग द्वारा माइनर में पानी छोड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि माइनर में पानी छोडे से पहले विभाग ने उन्हें व किसानों को कोई सूचना नहीं दी। उन्होंने बताया कि माइनर में पानी छोडे से पहले सफाई भी नहीं की गई थी, जिस कारण माइनर में बड़ा-बड़ा घास व अन्य कचरा भरा हुआ था, जिसके चलते माइनर के किनारे पानी का दबाव नहीं झेल पाए और अचानक खरकड़ा व मस्तगढ़ गांव के बीच माइनर टूट गई। उन्होंने बताया कि माइनर में पानी लबालब भरा हुआ था और माइनर के टूटते ही उनके मुर्गी फार्म में पानी घुस गया और जब तक वे कोई व्यवस्था कर पाते, तो मुर्गी फार्म में मौजूद हजारों मुर्गी व चूजे डूबकर मर गए। सुरेंद्र ने बताया कि उसका आठ से दस लाख रुपए का नुकसान हो गया। उन्होंने बताया कि उनके मुर्गी फार्म के आसपास दो-तीन ओर मुर्गी फार्म हैं और जैसे ही माइनर का पानी उनके मुर्गी फार्म में घुसने लगा, तो उसने शोर मचाया, जिसके चलते दूसरे मुर्गी फार्म के मालिकों ने जेसीबी मंगवाई और भारी मशक्कत के बाद अपने-अपने मुर्गी फार्मों में पानी घुसने से रोका। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें मृत मुर्गी व चूजों का मुआवजा प्रदान किया जाए।

**क्या कहना है सिंचाई विभाग के एसडीओ का:**

इस सम्बन्ध में सिंचाई विभाग के एसडीओ अजमेर सिंह ने कहा कि माइनर में पानी छोडे से पूर्व सूचना देने वाला कोई नियम नहीं है क्योंकि यह जून के महीने में धान की बुआई शुरू होने से ठीक पहले हर वर्ष तय समय में छोड़ा जाता है। उन्होंने माइनर में पानी छोडे से पहले सफाई न करवाए जाने के आरोपों को सिरे से नकार दिया और कहा कि नियमानुसार माइनर की सफाई करवाई गई है।

# कांग्रेस में प्रदेश की एससी समाज की सभी जातियों को दिया जाएगा पूरा प्रतिनिधित्व- मनोज बागडी




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत 14 जून (बिजेंद्र सिंह)।** कांग्रेस एससी विभाग के प्रदेश चेयरमैन मनोज बागडी ने कहा कि पार्टी द्वारा प्रदेश के एससी समाज की सभी जातियों को कांग्रेस में पूरा प्रतिनिधित्व देने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत उनके द्वारा प्रदेशभर का दौरा करके एससी समाज की सभी जातियों के सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। ताकि कांग्रेस पार्टी में एससी समाज की सभी जातियों को उचित प्रतिनिधित्व मिल सके और कोई भी जाति अपने अधिकारों से वंचित न रहे। इसी अभियान के अंतर्गत रविवार को पानीपत में खटीक समाज के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। मनोज बागडी रविवार को पानीपत शहर के एक होटल में मीडिया से बात कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनोज बागडी और नेशनल कॉआर्डिनेटर बाबू लाल सांखला का सम्मेलन के आयोजक एवं कांग्रेस एससी विभाग के प्रदेश सचिव तिलक राजौरा, एससी विभाग के शहरी जिला अध्यक्ष नरेंद्र भिवान एडवोकेट, पानीपत ग्रामीण जिला अध्यक्ष सतपाल वाल्मीकि, बलवान वाल्मीकि व एसडीओ सतीश आदि ने पगडी पहनाकर सम्मानित किया। सम्मेलन में एससी विभाग के पदाधिकारियों ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष पानीपत ग्रामीण रमेश मलिक, शहरी जिला अध्यक्ष सरदार बलजीत सिंह, एससी विभाग के प्रभारी सतपाल उपली, कांग्रेस नेता ओमवीर पंवार सहित प्रदेशभर से आये खटीक समाज के गणमान्य लोगों को सम्मानित किया। वहीं कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष रमेश मलिक ने कहा कि कांग्रेस ने ही हमेशा एससी समाज को पूरा मान सम्मान दिया है।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर पानीपत जेल में स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत 14 जून।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को पानीपत की गांव सिवाह स्थित जिला जेल में कारागार महानिदेशक हरियाणा के निदेर्शानुसार स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन जेल अधीक्षक संजीव कुमार की अध्यक्षता व सिविल अस्पताल से डा. रजत व उनकी टीम के सहयोग से आयोजित किया गया। जेल अधीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि रक्तदान शिविर का उद्देश्य गिव ब्लड, गिव होप व गिव लाईफ के संदेश को सार्थक करना है। रक्तदान शिविर में जेल अधिकारियों, जेल स्टाफ व उनके परिवार के सदस्यों ने बढचढ कर रक्तदान किया। जेल अधीक्षक संजीव कुमार ने कहा कि जरूरत के समय रक्त ही किसी व्यक्ति की जान बचा सकता है। सभी स्वस्थ लोगों को समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिये। इस मौके पर जेल अधीक्षक संजीव कुमार ने सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं जेल प्रशासन ने रक्तदान शिविर का आयोजन करने में सहयोग देने के लिये स्वास्थ्य विभाग और सभी रक्तदाताओं का आभार जताया।

# प्रसिद्ध पर्यटल स्थल लेपर्ड ट्रेल के पास मिला महिला का शव

**गुरुग्राम,।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल लेपर्ड ट्रेल क्षेत्र में अरावली की पहाड़ियों के बीच झाड़ियों में एक महिला का शव मिला है। मृतका की उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है। शव कई दिनों पुराना प्रतीत हो रहा है, जिसके कारण उसकी पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार रविवार को स्थानीय ग्रामीण अरावली की पहाड़ियों में घूमने के लिए निकले थे। इसी दौरान उन्हें झाड़ियों की ओर से तेज दुर्गंध महसूस हुई।

# 10 किलो ग्राम चूरा पोस्त, 5.80 ग्राम स्मैक बरामद





**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** जिला पुलिस द्वारा एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के युवा वर्ग को नशे की चपेट से बचाने के लिए तथा नशा मुक्त हो जिला अभियान के तहत नशा तस्करी के धंधे में लिप्त अपराधियों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी कड़ी में चौकी महमूदपुर पुलिस व भागल पुलिस द्वारा 2 अलग अलग मामलों में 2 आरोपियों को काबू किया गया। जिनके कब्जे से 10 किलोग्राम चूरा पोस्त, 5.80 ग्राम स्मैक व 2.25 हथकड़ी शराब बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पहले मामले में चौकी भागल पुलिस प्रभारी एएसआई रघुबीर सिंह की अगुवाई में एएसआई जसपाल की टीम गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली कि नवा गांव पंजाब निवासी गुर्जेंट सिंह मोटरसाइकिल पर नाजायज शराब बेचने का काम करता है तथा आज भी वह घग्गर नहर वाली सड़क के रास्ते गांव मेंगड़ा की तरफ से भागल शराब लेकर आने वाला है। सूचना को विश्वसनीय मानते हुए एएसआई जसपाल सिंह की टीम द्वारा तुरंत घग्गर पुल मेंगड़ा से भागल की तरफ जाने वाली सड़क पर नाकाबंदी शुरू की गई। कुछ समय बाद पुलिस टीम को एक संदिग्ध मोटरसाइकिल आता दिखाई दिया। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर चालक घबरा गया तथा मोटरसाइकिल को वापस मोडे का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे मोटरसाइकिल सहित काबू कर लिया। जिसकी पहचान नवा गांव पंजाब निवासी गुर्जेंट सिंह के रूप में हुई। जांच के दौरान मोटरसाइकिल के साथ बंधी एक थैली की तलाशी लेने पर पुलिस को एक प्लास्टिक बोतल में 2.25 लीटर नाजायज शराब तथा एक पोलिथीन में मादक पदार्थ 5.80 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना गुहला में मामला दर्ज करके मौके पर पहुंचे एएसआई रघुबीर सिंह द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। दूसरे मामले में चौकी महमदपुर प्रभारी एसआई राजबीर सिंह की टीम डेरा गोविंद नगर क्षेत्र में मौजूद थी। पुलिस को सूचना मिली कि फतेह माजरी पंजाब निवासी गुरतेज सिंह चूरा पोस्त बेचने का काम करता है।

# एचएफयूसीटीओ के अध्यक्ष बने डॉ. जितेन्द्र खटकड़




**जिम्मेदारी**

**सरकारी महाविद्यालय शिक्षकों के लिए अनिवार्य ग्रामीण सेवा की शर्त समाप्त करने की मांग की गई**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा फेडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटी एंड कॉलेज टीचर्स ऑर्गेनाइजेशन्स की बैठक आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के कार्यालय में एआईएफयूसीटीओ के उपाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में हरियाणा के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

एचएफयूसीटीओ के महासचिव डॉ. दयानंद मलिक ने जानकारी दी कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) के अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र खटकड़ को सर्वसम्मति से एचएफयूसीटीओ का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। उपस्थित सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में फेडरेशन प्रदेश के शिक्षकों तथा उच्च शिक्षा संस्थानों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाएगी। अपने संबोधन में डॉ. जितेन्द्र खटकड़ ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षकों के हितों की रक्षा तथा हरियाणा में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

बैठक में उच्च शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। प्रमुख मुद्दों में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के शिक्षक डॉ. विकास सिवाच का निलंबन शामिल रहा। फेडरेशन ने निर्णय लिया कि एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही एमडीयू के कुलपति एवं कुलसचिव से मिलकर निलंबन आदेश वापस लेने की मांग करेगा। फेडरेशन ने राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में विश्वविद्यालय अधिनियमों एवं नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने की मांग की, विशेषकर गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार तथा दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में। बैठक में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु को यूजीसी की सिफारिशों के अनुरूप 65 वर्ष किए जाने, सेल्फ फाइनेंस स्कीम के अंतर्गत नियमित रूप से कार्यरत शिक्षकों के पदों को बजटेड पदों में परिवर्तित करने, सरकारी एवं सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में पूर्व की पारदर्शी प्रवेश प्रक्रिया को पुनः लागू करने, 31 दिसंबर 2024 की यूजीसी राजपत्र अधिसूचना के अनुरूप लंबित कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (उअर) पदोन्नतियों को लागू करने, 11 नवंबर 2022 की हरियाणा सरकार की अधिसूचना के अनुसार कार्यभार मानदंड लागू करने तथा सरकारी महाविद्यालय शिक्षकों के लिए अनिवार्य ग्रामीण सेवा की शर्त समाप्त करने की मांग की गई। फेडरेशन ने सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के शिक्षकों को 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप मकान किराया भत्ता प्रदान करने, महिला शिक्षकों के आकस्मिक अवकाश को 20 से बढ़ाकर 25 दिन करने, सेवानिवृत्त सहायता प्राप्त महाविद्यालय शिक्षकों के लिए ग्रेच्युटी की सीमा 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख करने, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत सेवानिवृत्त शिक्षकों को ग्रेच्युटी का लाभ देने तथा विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षकों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की भी मांग की।

यह भी निर्णय लिया गया कि एचएफयूसीटीओ के अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र खटकड़ एवं महासचिव डॉ. दयानंद मलिक शीघ्र ही हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री, राज्यपाल, शिक्षा मंत्री एवं अन्य संबंधित अधिकारियों से मिलकर इन लंबित मांगों के समाधान हेतु ज्ञापन सौंपेंगे। बैठक में एआईएफयूसीटीओ के उपाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह, एचजीसीटीए के अध्यक्ष प्रो. राजेश, एचसीटीए के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र सिंह, जीजेयूटीए के अध्यक्ष विनोद गोयल, आईजीयू की अध्यक्ष प्रो. सविता श्योराण, जूफा के महासचिव डॉ. सुनील कुमार, डॉ. जितेन्द्र कुमार , डॉ. कृष्ण कुमार , डॉ. परवेश कुमार , डॉ. राहुल कुमार , कूटा के सचिव डॉ. सुरेन्द्र कुमार, प्रो. परमेश कुमार, प्रो. दीपक बब्बर, डॉ. गुरचरण, डॉ. दिनेश धनकड़, डॉ. विनिता भांकर, डॉ. संगीता, डॉ. चन्द्र सिंह, डॉ. गुलाब सिंह, डॉ. राजवीर सिंह, डॉ. राजिन्द्र देसवाल, डॉ. विक्रम कुमार, डॉ. विजय कुमार, प्रवेश चोपड़ा तथा प्रदेश के विभिन्न शिक्षक संगठनों के अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# निर्माण कार्यों में लाएं तेजी, गुणवत्ता के साथ समय से पूरे हों काम : योगी आदित्यनाथ

अद्वितीय संगम

**सड़कों के निर्माण कार्य में नहीं बर्दाश्त की जाएगी हीलाहवाली: मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री ने दोनों**



**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को एनेक्सी भवन में गोरखपुर व आजमगढ़ मंडल में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शासन तथा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से दोनों मंडलों में संचालित पुरानी व गतिमान परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि युद्धस्तर पर अभियान चलाकर सड़क निर्माण के कार्यों में तेजी लाई जाए और हर काम गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने मानसून (बरसात) से पहले की परियोजनाओं पर विशेष ध्यान देने और उन्हें समय से पूरा कराने का निर्देश दिया। बैठक में लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव ने पिछले वर्ष के कार्यों का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर प्राथमिकता तय कर सड़कों का काम तत्काल शुरू कराया जाए, जिससे आम नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिल सके। जून के अंत तक सभी आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त कर ली जाएं और इसके तुरंत बाद शिलान्यास कराया जाए। सभी जरूरी संसाधनों की व्यवस्था करने के बाद ही कार्य प्रारंभ किया जाए, ताकि काम बीच में न रुके और समय से पूरा हो।

**आयुक्त व जिलाधिकारी भी समय-समय पर करें समीक्षा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना के मद्देनजर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी गोरखपुर व आजमगढ़ मंडल के सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर सड़कों का निर्माण कराएं। इसकी कार्ययोजना तत्काल उपलब्ध कराई जाए, ताकि समय से धनराशि स्वीकृत हो सके। साथ ही टेंडर प्रक्रिया भी समय से पूरी की जाए। कार्यों में गति लाने के लिए संबंधित कमिश्नर व जिलाधिकारी अपने-अपने स्तर पर नियमित बैठकें कर समीक्षा करें, जिससे निर्माण कार्यों की प्रगति हर हाल में सुनिश्चित हो सके।

**श्रमिकों की सुरक्षा के हों पुख्ता इंतजाम**

मुख्यमंत्री ने कार्यों की प्रभावी निगरानी पर जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे मौके का मुआयना करें और तकनीक के माध्यम से ऑनलाइन मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने सेतु निगम के कार्यों में सुरक्षा मानकों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं होना चाहिए और उनके लिए सुरक्षा किट का पूरा इंतजाम रहे। सभी विभाग आपस में बेहतर समन्वय के साथ काम करें।

**मुख्यमंत्री ने मोहन सेतु की प्रगति की भी ली जानकारी**

मुख्यमंत्री ने देवरिया में निर्माणाधीन 'मोहन सेतु' के कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को कार्यस्थल का निरीक्षण करने और सेतु निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जो भी ठेकेदार 'बिलो टेंडर' ले रहे हैं, उन पर पैनी नजर रखी जाए और ऐसे लोगों को चिह्नित किया जाए। बैठक में केंद्रीय मंत्री व बांसगांव के सांसद कमलेश पासवान, गोरखपुर के सांसद रवि किशन, कुशीनगर के सांसद विजय दुबे, प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही, दयाशंकर सिंह, विजयलक्ष्मी गौतम, राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह, विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह, रतनपाल सिंह, विधायक श्रीराम चौहान, विपिन सिंह, फतेह बहादुर सिंह, महेंद्र पाल सिंह, प्रदीप पासवान, सरवन निषाद, शलभ मणि त्रिपाठी, ऋषि त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र विधानसभा क्षेत्रों के विधायक मौजूद रहे।

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

जनकल्याण

**जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है**




**टीम एक्शन इंडिया**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है और सरकार इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री धामी रविवार को खटीमा प्रवास के दूसरे दिन शहीद हरी किशन शिक्षण संस्थान, बगुलिया में आयोजित ह्रजन-जन की सरकार, मुख्य सेवक आपके द्वारह्न कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा ग्रामोत्थान परियोजना के अंतर्गत संचालित दीदी कैफे का उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का स्वागत थारू सांस्कृतिक नृत्य, पुष्पमालाओं और अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, मुफ्त राशन और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने पारदर्शिता और तकनीक के माध्यम से भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, पर्यटन और हवाई कनेक्टिविटी के क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहे हैं। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) और नकल विरोधी कानून को राज्य सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियां बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के हितों की रक्षा के लिए भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने भ्रष्टाचार के प्रति सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को भी दोहराया। मुख्यमंत्री ने खटीमा को अपना परिवार बताते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने राज्य को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए सभी से सहयोग का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न लाभार्थियों को सहायता भी वितरित की गई।

# उप्र में बढ़ रहा रिपब्लिकन पार्टी का जनाधार, शोषितों-वंचितों की आवाज बनेगी पार्टी: डॉ. रामदास

एकजुट

**प्रदेशभर से आए पदाधिकारियों ने अपनी बात रखी और आगामी चुनौतियों का सामना एकजुट होकर करने का संकल्प लिया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआइ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. रामदास आठवले ने रविवार को राजधानी लखनऊ स्थित सिडको भवन में पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक को संबोधित किया। बैठक में प्रदेशभर से आए वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान पार्टी के प्रदेश स्तरीय विस्तार और आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। डॉ. आठवले ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया उत्तर प्रदेश में पूरी ऊर्जा के साथ संघर्ष कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पार्टी समाज के शोषित, वंचित और पीड़ित वर्गों की बुलंद आवाज बनने के लिए कटिबद्ध है। इस अवसर पर उ न्होंने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता के सक्रिय नेतृत्व की सराहना की। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आठवले ने कहा कि श्री गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में संगठन का विस्तार बहुत तेजी से हो रहा है। पवन भाई गुप्ता न केवल प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच बना रहे हैं, बल्कि कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनमें नई ऊर्जा का संचार कर रहे हैं। उनकी मेहनत और संगठन कौशल का ही परिणाम है कि प्रदेश के हर जिले, ब्लॉक और तहसील स्तर पर पार्टी की नींव मजबूत हो रही है।

**पदाधिकारियों को दिया जीत का मंत्र**

डॉ. आठवले ने पार्टी को 'एक परिवार' बताते हुए कहा कि "यदि हम जिला, तहसील, ब्लॉक और गांव स्तर पर मेहनत और लगन से काम करेंगे, तो निश्चित रूप से परिणाम सकारात्मक मिलेंगे।" उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएं और लगातार जनसभाएं आयोजित करें। बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए बूथ स्तर तक सदस्यता अभियान तेज किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने विश्वास दिलाया कि पार्टी डॉ. आठवले के विजन को धरातल पर उतारने और उत्तर प्रदेश में शोषित समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। इस समीक्षा बैठक में प्रदेशभर से आए पदाधिकारियों ने अपनी बात रखी और आगामी चुनौतियों का सामना एकजुट होकर करने का संकल्प लिया।

# घरेलू उद्योगों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वैश्विक पहचान की जरूरत: अखिलेश



सपा विजन

**सपा के विजन इंडिया का उद्देश्य और स्थानीय उद्योगों के विकास पर फोकस किया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**आगरा:** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को आगरा में अपने विजन इंडिया कार्यक्रम में युवा उद्यमियों एंटरप्रेन्योर और कारोबारियों को संबोधित कर सपा के विजन इंडिया का उद्देश्य और स्थानीय उद्योगों के विकास पर फोकस किया। आगरा में होटल आईटीसी मुगल में आयोजित विजन इंडिया कार्यक्रम में अखिलेश यादव ने स्थानीय उद्योग और व्यापारों के विकास, बढ़ावे और प्रचार प्रसार पर जोर दिया। अखिलेश यादव ने कहा जब मैकडॉनल्ड्स और पिज्जा हट दुनिया के कई देशों तक पहुंच सकते हैं, तो आगरा का पेठा क्यों नहीं पहुंच सकता। इसके लिए समुचित प्रयास नहीं किए गए। उन्होंने कहा कि कई घरेलू उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैश्विक पहचान की जरूरत है। जिसके लिए उन्हें समुचित माहौल नहीं मिल रहा है। पीडीए के संबंध में कहा कि पी डी ए पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक ही नहीं है, पी डी ए का मतलब पी से प्रेम, डी से दया और ए से अपनापन भी है। समाज में जितना प्रेम, दया और अपनापन बढ़ेगा, प्रदेश उतनी तेजी से आगे बढ़ेगा। यही मूल्य समाज को आगे बढ़ाने और लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने का काम करते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि आगरा से सटा फिरोजाबाद राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कांच उद्योग के लिए जाना जाता है। लेकिन कांच उद्योग को जितनी

# युवा खिलाड़ियों की उपलब्धियां बढ़ा रही छत्तीसगढ़ का गौरव : मुख्यमंत्री साय



सम्मान

**अंडर-18 एशिया कप विजेता हॉकी खिलाड़ी अवि मानिकपुरी ने मुख्यमंत्री साय से की**

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज रविवार को राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में भारतीय अंडर-18 हॉकी टीम के एशिया कप विजेता सदस्य अवि मानिकपुरी ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने अवि मानिकपुरी को अंडर-18 एशिया कप में भारत की ऐतिहासिक विजय में महत्वपूर्ण योगदान के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा, अनुशासन और कड़ी मेहनत के बल पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीयस्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अवि मानिकपुरी को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे इसी तरह समर्पण और लगन के साथ आगे बढ़ते रहें तथा आने वाले समय में भारतीय हॉकी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि अवि की उपलब्धि प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और यह साबित करती है कि अवसर और संकल्प मिलने पर छत्तीसगढ़ की प्रतिभाएं विश्व मंच पर अपनी पहचान बना सकती हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में खेल अधोसंरचना के विकास और खिलाड़ियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के प्रयासों से युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के नए अवसर मिल रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि बिलासपुर निवासी अवि मानिकपुरी भारत के उभरते हुए हॉकी खिलाड़ियों में शामिल हैं। उन्होंने हाल ही में जापान में आयोजित अंडर-18 एशिया कप प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# प्रिंस यादव मौत मामले में नेपाल पुलिस ने पांच साथियों को हिरासत में लिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**अररिया/विराटनगर।** पटना के चर्चित ज्ञान बिंदु कोचिंग संस्थान के निदेशक रोशन आनंद के छोटे भाई प्रिंस कुमार यादव की नेपाल के विराटनगर स्थित एक होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने बिहार और नेपाल दोनों जगह सनसनी फैला दी है। घटना के बाद नेपाल की मोरंग जिला पुलिस ने जांच तेज कर दी है और प्रिंस के साथ होटल में ठहरे पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। नेपाल पुलिस के अनुसार, 24 वर्षीय प्रिंस कुमार यादव विराटनगर स्थित ट्रैफिक चौक के समीप शुभ होटल में अपने पांच साथियों के साथ ठहरे हुए थे। शनिवार देर रात उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई और वह होटल में ही गिर पड़े। स्थिति गंभीर होने पर होटल प्रबंधन और उनके साथ मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल विराटनगर न्यूरो हॉस्पिटल पहुंचाया। हालांकि अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# केंद्र के 12 वर्ष विकास विश्वास सुशासन को समर्पित: मेघवाल

प्रतिष्ठा

**भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है : अर्जुनराम मेघवाल**



**टीम एक्शन इंडिया**

**बीकानेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विश्वास के 12 साल, विकास के 12 साल, जनकल्याण के 12 साल एवं विकसित भारत संकल्प सम्मेलन के तहत भाजपा बीकानेर देहात द्वारा प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन भाजपा संभाग कार्यालय में जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया की अध्यक्षता में किया गया। सम्मेलन में केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक न्याय और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को धरातल पर उतारते हुए देश के हर वर्ग तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। आज करोड़ों गरीबों को पक्के मकान, मुफ्त गैस कनेक्शन, शौचालय, स्वच्छ पेयजल, मुफ्त राशन और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है। मेघवाल ने कहा कि भारत आज विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होकर विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, वंदे भारत ट्रेन, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और जी-20 की सफल मेजबानी जैसी उपलब्धियों ने भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

# मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर खरीफ महाभियान का किया शुभारंभ



योजना

**कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी पहुंचाना है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** बिहार सरकार ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं और वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से शारदीय (खरीफ) महाभियान-2026 की शुरुआत कर दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास 01 अणे मार्ग से किसान जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर इस राज्यव्यापी अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर खरीफ मौसम से संबंधित दो विशेष कृषि ज्ञान वाहनों सहित राज्य के सभी जिलों के लिए तैयार किसान जागरूकता वाहनों को रवाना किया गया। खरीफ महाभियान-2026 का उद्देश्य किसानों तक उन्नत कृषि तकनीकों, आधुनिक खेती की पद्धतियों और कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी पहुंचाना है। अभियान के तहत जागरूकता वाहन गांव-गांव जाकर किसानों को सरकारी योजनाओं, कृषि अनुदान, उन्नत बीजों और खेती से जुड़ी नवीनतम तकनीकों की जानकारी देंगे। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस अभियान में किसानों को खरीफ मौसम के दौरान संचालित विभिन्न योजनाओं, अनुदानित दर पर उपलब्ध कृषि उपादानों और आधुनिक कृषि संसाधनों के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। साथ ही डिजिटल क्रॉप सर्वे, फार्मर रजिस्ट्री, कृषि यंत्रीकरण, ड्रोन तकनीक और आधुनिक कृषि उपकरणों के उपयोग से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। अभियान के माध्यम से किसानों को उनकी आय बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। प्राकृतिक खेती, संतुलित उर्वरक उपयोग, जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और कृषि विस्तार सेवाओं से जुड़ी जानकारियां भी किसानों तक पहुंचाई जाएंगी। इसके अलावा फसल अवशेष प्रबंधन, खेत बचाओ अभियान तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विशेष जोर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि कृषि बिहार की अर्थव्यवस्था की आधारशिला है और किसानों की समृद्धि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। कृषि क्षेत्र में तकनीक और नवाचार के समावेश से उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ किसानों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है।

# मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल ने टीएमसी और ममता बनर्जी पर जमकर बोला हमला



**टीम एक्शन इंडिया**

**अररिया।** बिहार सरकार के भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग के मंत्री दे दिलीप कुमार जायसवाल रविवार दोपहर बाद अररिया पहुंचे। जहां सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का घड़ा भर चुका है। ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी ने जिस तरह से पश्चिम बंगाल को लूटने के साथ गुंडागर्दी फैलाने का काम किया और पश्चिम बंगाल में घुसपैठ को लाने का काम किया। उसे अब जनता के साथ तृणमूल कांग्रेस के नेता भी समझने और जानने लगे हैं। फलस्वरूप पार्टी के कार्यकर्ता ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी का साथ छोड़ रहे हैं। कानून और जनता की नजर में ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी दोनों दोषी है। उन्होंने कहा कि जिस तरह पहले कांग्रेस का घड़ा भर गया था,उसके बाद तृणमूल कांग्रेस का घड़ा भर चुका है और तृणमूल कांग्रेस पार्टी पूरी तरह टूट जाएगी।